# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

## उस्ताद सुपुर्द-ए-ख़ाक



# तालवादक शिवमणि सहित दिग्गजों ने ड्रम बजाकर दी संगीतमय विदाई

*विश्वप्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन को बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। प्रसिद्ध तालवादक ए. शिवमणि और अन्य कलाकारों ने तबला वादक को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने ड्रमों पर प्रदर्शन किया।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

दुनिया के सबसे बेहतरीन तबला वादकों में से एक हुसैन का फेफड़ों की बीमारी 'इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण सोमवार को सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 73 वर्ष के थे। उन्हें बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को के फर्नवुड कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हुसैन के अंतिम संस्कार में उनके सैकड़ों प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए।

**तबला वादक जाकिर हुसैन को सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में दी गई अंतिम विदाई**

**अंतिम संस्कार में सैकड़ों प्रशंसक श्रद्धांजलि देने के लिए हुए एकत्र**



### तबला के पर्याय

मशहूर तबला वादक अल्ला रक्खा के बेटे जाकिर हुसैन ने इस तबला के क्षेत्र में क्रांति ला दी, वह इसे शास्त्रीय संगीत की सीमाओं से परे जैज और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत सहित अन्य रूपों में ले गए। भारत के सबसे प्रसिद्ध संगीतकारों में से एक ने छह दशकों के करियर में पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं, जिनमें से तीन इस साल की शुरुआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में मिले।



**जब भी मैं लय पकड़ता हूं, आप वहां होते हैं**

अंतिम विदाई देने आए फेमस ड्रमर शिवमणि ने कहा, 'ताल ही ईश्वर है, वह (ताल) आप हैं जाकिर भाई। 1982 से लेकर अब तक के हमारे सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा है। हर पल आप ताल में हमारे साथ होते हैं। जब भी मैं लय पकड़ता हूं, आप वहां होते हैं। हम आपसे प्यार करते हैं जाकिर भाई। आपकी यात्र सुखद रहे। जाकिर के निधन की सूचना मिलने पर भी शिवमणि बहुत भावुक हो गए थे। उन्होंने पोस्ट किया था, 'नहीं जाकिर भाई, आप हमें ऐसे छोड़कर नहीं जा सकते। यह अविश्वसनीय है.. मैं सैन फ्रांसिस्को जा रहा हूं। मैं आपको देखना चाहता हूं.. आखिरी बार.. मैं आपका हाथ थामना चाहता हूं.. मेरे भाई, मेरे गुरु.. मैं टूट गया हूं.. जिंदगी अब कभी पहले जैसी नहीं रहेगी।'

### भारतीय शास्त्रीय संगीत और जैज का 'फ्यूजन'

जाकिर हुसैन को साल 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। हुसैन ने छह दशक के करियर में संगीतकार ने कई प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कलाकारों के साथ काम किया। वर्ष 1973 के अपने एक संगीतमय कार्यक्रम में हुसैन, ब्रिटिश गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन, वायलिन वादक एल. शंकर और तालवादक टी. एच. 'विक्कु' विनायकराम के साथ मिलकर भारतीय शास्त्रीय संगीत और जैज का एक ऐसा 'फ्यूजन' रूप लेकर आए, जो अब तक अज्ञात था।

## खबर संक्षेप

### सनातन धर्म से ही विश्व मानवता सुरक्षित : योगी

**लखनऊ।** यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां सीएम की हेलीपैड रामकथा पार्क पर उतरा। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन किए। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अशर्फी भवन पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अशर्फी भवन के पास मंडप में आयोजित पंच नारायण महायज्ञ में आहुति अर्पित की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म को सुरक्षित रखना होगा।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल थे अर्बन नक्सलः फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में दावा किया है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अर्बन नक्सल संगठन शामिल थे। भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा थी। लोकसभा चुनाव से पहले संपन्न हुए इस दौरे में उन्होंने पैदल देशभर का भ्रमण किया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शीतकालीन सत्र में अपने संबोधन के दौरान यह दावा किया है।

## हंगामे में खो गए जनता के सवाल

**18वीं लोकसभा के तीसरा सत्र का शुक्रवार को हो गया समापन**

### संसद में कामकाज में लगातार आ रही कमी

# इस शीतकालीन सत्र में सबसे कम काम का बन गया रिकॉर्ड

*लोकसभा की प्रोडक्टिविटी जहां 57% रही वहीं राज्यसभा की प्रोडक्टिविटी 43% रही। लोक सभा का शीतकालीन सत्र अब तक के सभी सत्रों में सबसे कम उत्पादकता वाला रहा। इस शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा की 20 बैठकें हुईं, जो 62 घंटे तक चलीं. सत्र के दौरान लोकसभा में पांच सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार विधेयक पारित किए गए। शून्य काल के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए और नियम 377 के अंतर्गत 397 मामले उठाए गए। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद में कामकाज में लगातार काम में कमी आ रही है। पिछले 10 सत्रों के आंकडों से यही संकेत मिलते हैं। अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र में प्रोडक्टिविटी 135% रही। इस दौरान राज्यसभा में प्रोडक्टिविटी 112% रही थी। 17वीं लोकसभा में 274 बैठकें हुई थीं और 222 बिल पास हुए थे। अधिकांश बिल पेश होने के दो हफ्ते के भीतर पास हुए थे। इनमें से एक तिहाई बिल एक घंटे से भी कम समय में पास हो गए थे। केवल 16% बिल ही स्टैंडिंग कमेटी को भेजे गए थे। 17वीं लोकसभा ने केवल 1,354 घंटे काम किया गया. 15 में से 11 सत्र समय से पहले स्थगित किए गए।



### बैठकों में लगातार कमी

संसद की बैठकों में लगातार कमी आ रही है। पहली लोकसभा में साल में 135 बैठकें हुई थीं जबकि पिछली लोकसभा में साल में केवल 55 बैठकें हुईं। सांसदों के निलंबन का आंकड़ा भी बढ़ा है। पहली लोकसभा में एक सांसद का निलंबन हुआ था। आठवीं लोकसभा में 66, चौदहवीं लोकसभा में 50, सोलहवीं लोकसभा में 81 और सत्रहवीं लोकसभा में 115 सांसदों का निलंबन हुआ।

**4 दिन में सिर्फ 40 मिनट काम**

इस बार की संसद 25 नवंबर को शुरू हुई थी, 29 नवंबर तक सिर्फ 40 मिनट की कार्यवाही हुई, यानी कि 4 दिनों में सिर्फ 40 मिनट। इसी तरह अगर 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक का हाल देखें तो फिर बवाल ही ज्यादा रहा और काम ना के बराबर। आखिर के चार दिनों में संविधान पर बहस हुई, एक देश एक चुनाव बिल पेश हुआ और धक्का मुक्की वाले कांड ने विवाद खड़ा किया।

### दिल्ली क्राइम ब्रांच करेगी संसद में धक्का मुक्की की जांच

**हरिभूमि न्यूजःनई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच बृहस्पतिवार को संसद परिसर में हुई धक्का मुक्की मामले की जांच करेगी। भाजपा के दो सांसदों को इस घटना के बाद राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दाखिल करना पड़ा था। सांसद प्रताप सांरगी के माथे पर चोट आई है। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए दिल्ली पुलिस के संसद मार्ग थाने में शिकायत दी थी। पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ छह धाराओं में केस दर्ज किया था। अब इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच का सौंपी दी गई है। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार सुबह संसद परिसर में मकर द्वार पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों के सांसद और भाजपा सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान दोनों पक्षों के सांसद आमने-सामने आ गए और धक्का-मुक्की हुई। धक्का-मुक्की में ओडिशा के बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए थे। सारंगी ने आरोप लगाया था कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दिया, जो आकर उनके ऊपर गिरे। फर्रुखाबाद से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई थी।

# पाकिस्तान से भी क्रूर बांग्लादेश, हिंदुओं पर किए 2200 हमले

**संसद में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने जारी किया आंकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद से हिंदुओं के खिलाफ जमकर हिंसा हो रही है, लेकिन अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस मानने को तैयार नहीं हैं। अब भारत सरकार ने हिंसा पर बांग्लादेश के झूठ की पोल खोल दी है। संसद में दिए एक जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया है कि इस साल आठ दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों के




खिलाफ 2200 हमले हुए हैं, जबकि अक्टूबर तक पाकिस्तान में इस साल हिंदुओं पर 112 हमलों की घटनाएं सामने आई हैं। यानी कि इससे साफ है कि बांग्लादेश हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान से भी ज्यादा क्रूरता दिखा रहा है।

### हिंसा में हो रहा जबरदस्त इजाफा

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने संसद में आंकड़े जारी करते हुए बताया कि बांग्लादेश में साल 2022 में जहां 47 हमले हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ सामने आए, तो पाकिस्तान में यह संख्या 241 थी। इसके बाद 2021 में बांग्लादेश में 302 मामले सामने आए और पाकिस्तान में 103। वहीं, इस साल बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसाओं पर जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आठ दिसंबर, 2024 तक बांग्लादेश में हिंसा के 2200 मामले सामने आ चुके हैं और पाकिस्तान में यह संख्या 112 है।

# 40 सेशन जजों का हुआ ट्रांसफर, 42 का प्रमोशन भी सिराजुद्दीन बने बिलासपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पदस्थ करीब 40 सिविल जजों का ट्रांसफर किया है। वहीं सीजेएम रैंक के 42 जजों को सेशन जज के पद पर प्रमोशन देकर नई पोस्टिंग दी गई है। जारी आदेश के अनुसार ज्यूडिशियल ऑफिसर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सिराजुद्दीन कुरैशी को बिलासपुर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। वहीं, रायगढ़ के डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज संतोष कुमार आदित्य को ज्यूडिशियल ऑफिसर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का डायरेक्टर बनाया गया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार जनरल के विनोद कुजूर ने प्रदेश के कई न्यायालयों में पदस्थ सिविल जजों को सिविल जज को सीनियर डिवीजन सह ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर पदस्थ करते हुए स्थानांतरण आदेश जारी किया है। उन्हें सीनियर डिवीजन के साथ ही ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट का पावर भी दिया गया है। जारी आदेश के तहत बड़ी संख्या में सिविल जजों का ट्रांसफर भी किया गया है।



### इन जजों का प्रमोशन के बाद ट्रांसफर

▶▶कुमारी चेतना ठाकुर द्वितीय सिविल जज सीनियर डिवीजन- धमतरी से बालोद सीनियर डिवीजन सिविल जज ▶▶असलम खान द्वितीय सिविल जज सीनियर डिवीजन- बैकुंठपुर से चांपा सीनियर डिवीजन सिविल जज ▶▶गुलपान राम यादव द्वितीय सिविल जज सीनियर डिवीजन- बेमेतरा से भानुप्रतापुर सीनियर डिवीजन सिविल जज ▶▶पुनीत राम गुरपंच चतुर्थ सिविल जज सीनियर डिवीजन- दुर्ग से भटगांव एडिशनल जज टू प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन ▶▶शिवानी सिंह तृतीय एडिशनल जज कोर्ट प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन- दुर्ग से अकलतरा सिविल जज सीनियर डिवीजन ▶▶शीतल निकुंज चतुर्थ एडिशनल जज कोर्ट आफ सिविल जज सीनियर डिवीजन- रायगढ़ से पटना सिविल जज सीनियर डिवीजन ▶▶श्वेता मिश्रा द्वितीय सिविल जज सीनियर डिवीजन- महासमुंद से कसडोल सिविल जज सीनियर डिवीजन।

**इन सिविल जजों का तबादला**

जारी आदेश के तहत कटघोरा, कसडोल, कवर्धा, चांपा, रायपुर, सारंगढ़, सराईपाली, अंबिकापुर, अकलतरा, कुनकुरी, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, नारायणपुर, अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव, सक्ती, बेमेतरा, पेंड्रारोड, बीजापुर, मुंगेली, रायगढ़, सूरजपुर, दंतेवाड़ा और कांकेर के सिविल जज का ट्रांसफर किया गया है।

# पोते के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची इंजीनियर अतुल की मां

### 3 राज्य सरकारों को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में अब अतुल की मां अंजू देवी ने अपने पोते की तलाश शुरू कर दी है। अंजू देवी ने अपने पोते की कस्टडी के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर अतुल सुभाष के साढ़े चार साल के बेटे और अपने पोते के कस्टडी दिए जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक सरकार को इस हेवियस कारपस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दायर की गई याचिका में कहा गया है कि वो बच्चा कहां है ये किसी को भी पता नहीं है। क्योंकि हिरासत में मौजूद अतुल की पत्नी निकिता उस बच्चे का अता पता नहीं बता रही है। पत्नी के भाई अनुराग सिंघानिया और मां निशा सिंघानिया भी फिलहाल हिरासत में हैं। लिहाजा उनसे पूछताछ कर मासूम बच्चे की कस्टडी उनको यानी दादा दादी को सौंपी जाए। सुप्रीम कोर्ट मे इस मामले पर अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी।





### निकिता के दावे से ताऊ का इंकार

इधर, निकिता ने पुलिस को बताया कि बेटा फरीदाबाद के बोर्डिंग स्कूल में पढ़ रहा है। उसकी कस्टडी निकिता के ताऊ सुशील सिंघानिया के पास है। जबकि निकिता के ताऊ सुशील ने पुलिस को बच्चे की कस्टडी या उसके बारे में कोई भी जानकारी होने से सिरे से इंकार किया है।

JHAIGO झाईगो Cream 5+1
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या..
बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## कार्तिकेय मंदिर की हुई कार्बन डेटिंग

# एएसआई ने गुपचुप तरीके से किया 5 तीर्थ-19 कूपों का निरीक्षण

एजेंसी ▶▶ संभल



यूपी के संभल में मंदिर मिलने के मुद्दे का मामला गरमाया हुआ है। इसी बीच एएसआई ने यहां मंदिर में कार्बन डेटिंग की। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने संभल में स्थित प्राचीन कार्तिकेय मंदिर की कार्बन डेटिंग गुपचुप तरीके से संपन्न की। इस प्रोसेस के लिए एक चार सदस्यीय विशेषज्ञ टीम तैनात की गई थी। एएसआई ने संभल में पांच तीर्थ स्थलों और 19 प्राचीन कूपों का निरीक्षण भी किया। टीम ने क्षेत्र में मौजूद 19 प्राचीन कूपों की स्थिति और ऐतिहासिक महत्व का भी गहन अध्ययन किया गया। सूत्रों के अनुसार, एएसआई ने इस निरीक्षण के दौरान प्रशासन से आग्रह किया था कि इसे मीडिया कवरेज से दूर रखा जाए। संभल क्षेत्र अपने प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। एएसआई की इस गतिविधि से इतिहास के नए पहलुओं पर प्रकाश डालने की उम्मीद की जा रही है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया है कि मंदिर का सर्वेक्षण सुरक्षित तरीके से पूरा कर लिया गया है। संभल के प्राचीन कार्तिकेय मंदिर की कार्बन डेटिंग भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा गुप्त तरीके से की गई।

### 46 साल से बंद था मंदिर

बता दें कि संभल में हिंसा के बाद जब उपद्रवियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया तो बिजली चोरी का मामला सामने आया था। 14 दिसंबर को पुलिस उस वक्त हैरान रह गई जब दीपा राय इलाके में चेकिंग के समय अचानक एक मंदिर मिल गया जो कि सन 1978 का बताया जा रहा है। यह मंदिर 46 सालों से बंद था। जो सपा सांसद के घर से 200 मीटर की दूरी पर था। इसके बाद 15 दिसंबर को मंदिर को खोला गया और वहां पूजा पाठ की गई। इसके बाद कुएं मिलने की जानकारी सामने आई और उसकी खुदाई कराई गई। वहीं, इसी बीच संभल के और इलाके सरायतरीन में भी मंदिर मिला।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024 haribhoomi.com


## एक नजर इधर भी

### क्या होता है रीएजेंट...

रीएजेंट का उपयोग विभिन्न तरह की बीमारियों का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह एक तरह का विशेष केमिकल होता है जिसे ब्लड के सैंपलों में मिलाकर जांच की जाती है। रक्त से संबंधित तमाम तरह की जांच में रीएजेंट का उपयोग होता है। कोविडकाल में संक्रमण की पहचान के लिए भी व्यापक स्तर पर ऐसे ही रीएजेंट का उपयोग ट्रूआरनॉट मशीन में किया गया था।

### 950 केंद्रों में हुई थी सप्लाई

सीजीएमएससी के अफसरों की सहमति के बाद मोक्षित कंपनी द्वारा 950 स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसा रीएजेंट भेजा जिसकी वह जरूरत ही नहीं थी। प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में हार्ट, किडनी, लिवर से संबंधित बीमारियों की जांच के लिए इस रीएजेंट की सप्लाई की थी। कई स्वास्थ्य केंद्रों में तो इसे समझने के लिए टेक्निशियन और मशीन तक नहीं थे। राज्य में इस गड़बड़ी को अंजाम देने के लिए 30 जिला अस्पताल, 170 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 750 प्रायमरी हेल्थ सेंटर को निशाना बनाया गया था।

### जांच भी होती रही प्रभावित

संबंधित कंपनी द्वारा रीएजेंट के साथ बड़ी मात्रा में उपकरण भी स्वास्थ्य केंद्रों में भेजे गए थे। इन उपकरणों में वहीं केमिकल उपयोग हो सकता था जो संबंधित कंपनी का था। घोटाला सामने आने के बाद कंपनी ने अपनी रीएजेंट देना बंद कर दिया जिसके बाद सारी मशीनें कबाड़ हो गई। स्वास्थ्य केंद्रों से इसकी शिकायत भी अधिकारियों तक लगातार होती रही।

# सदन में स्वास्थ्य मंत्री ने किया स्वीकार, 660 करोड़ की रिएजेंट की खरीदी गैर जरूरी, जांच ईओडब्ल्यू के हवाले




## हरिभूमि ने किया था खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ दवा निगम की 660 करोड़ रुपए के उपकरण और रीएजेंट की खरीदी पर सवाल खड़े किए थे। सिलसिलेवार खबरों के माध्यम से बताया गया था कि प्रदेश में बिना मांग के उपकरण और रीएजेंट खरीदे गए। उनकी सप्लाई उन प्राथमिक केंद्रों में की गई जहां रखने तक की जगह नहीं थी। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में यह ध्यानाकर्षण के माध्यम से यह विषय वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने उठाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ▶▶| शेष पेज 2 पर

*ध्यानाकर्षण में धरमलाल ने उठाया मामला, सदन में जोरदार बहस*



### दवा खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

*धरमलाल कौशिक ने आरोप लगाया कि, दवा खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है, इसकी जांच की जानी चाहिये। जवाब में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जांच की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि ईओडब्ल्यू से रिजेंट खरीदी की जांच करायी जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जांच में सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा।*

### मंत्री ने माना-स्वास्थ्य विभाग में बड़ा घोटाला

*श्री कौशिक ने सदन में कहा कि, सीजीएमएससील की तरफ से 660 करोड़ की दवा खरीदी की गयी थी। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। वैसी दवाई और सामानों की खरीदी की गयी, जिसकी ना तो जरूरत थी और ना ही डिमांड की गयी थी। श्री कौशिक के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मोक्षित कारपोरेशन फार्मास्यूटिकल कंपनी है। 2021-22 में पिछली सरकार के समय उसे पंजीकृत किया गया। पिछली सरकार में स्वास्थ्य विभाग में बड़े घोटाले हुए हैं।*

### 15 दिन में दिया गया आर्डर

*स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 660 करोड़ रुपए के रिएजेंट खरीदी के आदेश 15 दिन में दे दिए गए। रीएजेंट को दस डिग्री तापमान में रखा जाता है। लेकिन उन स्थानों पर भेजा गया जहां पर रखने के लिए रेफ्रीजरेटर की* ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### ओपी चौटाला का निधन तीन दिन का राजकीय शोक



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया। पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल के बेटे ओपी चौटाला को यहां उनके घर पर दिल का दौरा पड़ा और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। चौटाला के निधन पर पीएम सहित अन्य नेताओं ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा राज्य सरकार ने 20 से 22 दिसंबर तक तीन दिन के राजकीय शोक का फैसला किया है। इस अवधि के दौरान पूरे राज्य में राज्य सरकार के सभी कार्यक्रम रद्द रहेंगे।

### इंफाल में हथियार और विस्फोटकों का जखीरा बरामद



**इंफाल।** इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों के विभिन्न हिस्सों में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने विदेशी हथियारों समेत अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। इंफाल पूर्व जिले के नुंगब्राम और लैरोक वैफेई इलाकों से 7.62 एमएम की रूसी आरपीडी मशीन गन और 5.56 एमएम की इंसास राइफल, दो और हथियार, चार हथगोले, दो वायरलेस रेडियो सेट और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### जयपुर की खौफनाक सुबह : पोटली में सिमट गया शव, चेहरे से चिपका हेलमेट

# गैस भरे टैंकर-ट्रक भिड़ंत से ब्लास्ट, 11 जिंदा जले 48 झुलसे, 40 वाहन खाक, चपेट में परिंदे भी



### कैसे हुआ हादसा ?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैस भरा टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था। सुबह ये टैंकर भांकरोटा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने यू-टर्न पर पहुंचा। टैंकर चालक ने वापस अजमेर की ओर यू-टर्न लेना शुरू किया उसी समय दूसरी लेन पर आ रहा एक ट्रक टैंकर के उस हिस्से में आकर भिड़ गया, जहां टैंकर का नोजल लगा हुआ था। ट्रक के धक्के से नोजल टूट गया। गैस रिसकर आसपास के 200 से 250 मीटर के एरिया में तेजी से फैल गई। चूंकि टक्कर से चिंगारी निकली थी, तो इस चिंगारी से इस गैस में ▶▶| शेष पेज 2 पर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के जयपुर में शुक्रवार की सुबह एक खौफनाक शुरुआत लेकर आई। जयपुर की अजमेर रोड के पास एक सीएनजी ट्रक की दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई, जिसके बाद धमाका हुआ और चारों तरफ आग फैल गई।

जोरदार ब्लास्ट ने आसपास से गुजर रहे करीब 50 वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया जो पूरी तरह खाक हो गईं। इन गाड़ियों में सवारियां थीं, जिन्होंने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। इस हादसे में 11 लोगों के जिंदा जलने की खबर थी जबकि करीब 48 से ▶▶| शेष पेज 2 पर

### धमाके के बाद फैली चारों तरफ आग



### पोटली में आया ड्राइवर का शरीर

हादसा इतना भयावह था कि शवों की निशानदेही भी मुश्किल हो रही है। आग की लपटों में एक ट्रक चालक इस कदर जल गया कि उसके अवशेष मात्र ही बचे। एक भरा पूरा शरीर प्लास्टिक की पोटली में सिमट कर आ गया। अब तक इस लाश की पहचान नहीं हो पाई है। बताया गया कि ट्रक ड्राइवर की लाश पूरी तरह जल गई थी। ड्राइवर का शव डीएनए टेस्ट के बाद उनके परिजनों को सौंपा जाएगा।

### स्लीपर बस सहित कई वाहन आए चपेट में

खबरों के मुताबिक, टैंकर के पीछे चल रही उदयपुर से जयपुर आ रही एक स्लीपर बस इस हादसे का शिकार हुई। बताया जा रहा है कि हादसे में जो गाड़ियां झुलस गई हैं उनमें कई ट्रक, यात्री बस, गैस टैंकर, कार, पिकअप, बाइक और टेंपो शामिल हैं। पीछे से आ रही गाड़ियां भी एक-एक कर के एक दूसरे में भिड़ती चली गईं। पुलिस और ▶▶| शेष पेज 2 पर

# पत्नी और ससुराल पक्ष ने बनाया धर्मांतरण का दबाव युवक ने की आत्महत्या






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

अर्जुंदा थाना के अंतर्गत आत्महत्या का मामला सामने आया है, जहां पति को पत्नी का धर्मांतरण करना रास नहीं आया। पहले पति-पत्नी ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत की। उससे बात नहीं बनी तो पति को छोड़ पत्नी अपने बच्चों के साथ मायके चली गई। इधर पति ने शुक्रवार को सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला अर्जुंदा नगर के वार्ड 11 का है। जहां गजेंद्र देवांगन (35) ▶▶| शेष पेज 2 पर

### घटना के समय कोई नहीं था घर पर

जिस रात युवक ने घटना को अंजाम दिया, उसी दिन उनकी पत्नी राजेश्वरी देवांगन अर्जुंदा थाने पहुंची थी। जहां उनकी पत्नी राजेश्वरी ने गजेंद्र के खिलाफ थाने में शिकायत की थी, उसने बताया था कि वह प्रभु इशू को मानती है। जिसको लेकर आए दिन उनके पति के साथ झगड़ा होता था। ▶▶| शेष पेज 2 पर

# आईएएस सुबोध बने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सुबोध कुमार सिंह, 1997 बैच के आईएएस को प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्त किया है। श्री सिंह को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद इस पद पर पदस्थ किया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे सुबोध सिंह ने गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग में ज्वाइनिंग दी थी। वे वर्ष 2019 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। हाल ही राज्य सरकार के आग्रह ▶▶| शेष पेज 2 पर

### जीपी सिंह ने किया ज्वाइन

केंद्रीय गृह मंत्रालय के बाद राज्य के गृह मंत्रालय द्वारा बहाली आदेश जारी करने के बाद आईपीएस जीपी सिंह ने ज्वाइनिंग दे दी है। उल्लेखनीय है कि 1994 बैच ▶▶| शेष पेज 2 पर






### प्रधानमंत्री मोदी की आज से दो दिवसीय कुवैत यात्रा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार से शुरू हो रही दो दिवसीय कुवैत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से भारत-कुवैत संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी। इसने कहा कि भारत रक्षा और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई 30 जनवरी को होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर 30 जनवरी, 2025 को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज ओहरी को ईडी के वकील ने सूचित किया कि अतिरिक्त महाधिवक्ता एस. वी. राजू दलीलें पेश करने वाले थे, लेकिन वह आज उपलब्ध नहीं थे।

### पं. मिश्रा की कथा भगदड़ महिलाएं-बुजुर्ग घायल

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के छठे दिन शुक्रवार को भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। कथा स्थल पर करीब एक लाख लोग मौजूद थे। जैसे ही कथा शुरू हुई, लोग जल्दबाजी में अंदर जाने लगे। बाउंसर्स ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एंट्री रोकनी शुरू की। इसी दौरान धक्का-मुक्की बढ़ गई और भगदड़ का माहौल बन गया। कई महिलाएं और बुजुर्ग इस भगदड़ में दब जाने के कारण घायल हो गए।




"जिम्मेदार प्रचार की शुरूआत सजगता और गहन पड़ताल से होती है।"

– तनिकेला भरानी

फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल ने एक टीवी विज्ञापन में, जाने-माने अभिनेता तनिकेला भरानी जज की भूमिका निभाते हुए यह फैसला सुनाते हैं कि भारत का नंबर.1* बिकने वाला फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल शुद्धता और स्वाद के मामने में वाकई नंबर.1* है। लेकिन एक जिम्मेदार सेलिब्रिटी के तौर पर, भरानी ने सिर्फ पर्दे तक सीमित न रहते हुए, ब्रांड के वादों को परखने के लिए खुद काकीनाडा स्थित फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल फैक्ट्री का दौरा करने का फैसला लिया।

*MAT फरवरी 2024 की अवधि हेतु NIQ रिटेल इंडेक्स डेटा के अनुसार जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड का सनफ्लावर ऑयल सेगमेंट, रिफाइंड ऑयल कंज्यूमर पैक (ROCP) श्रेणी में अखिल भारतीय (U+R) मार्केट का दावा।

ADVERTORIAL

- **श्री भरानी, आपने फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल की फैक्ट्री का दौरा करने का निर्णय क्यों किया ?**
  श्री भरानी : "जिम्मेदार प्रचार की शुरूआत सजगता और गहन पड़ताल से होती है। इसलिए, मैंने खुद फैक्ट्री जाकर यह देखना चाहा कि इस तेल का उत्पादन कैसे होता है। मैं यह सुनिश्चित करता चाहता था कि फ्रीडम अपने उपभोक्ताओं से किए गए वादों पर खरा उतरे।"
- **फैक्ट्री देखने के बाद आपका पहला अनुभव कैसा था?**
  श्री भरानी : "सबसे पहले, मुझे इस फैक्ट्री की भव्यता ने प्रभावित किया। यह फैक्ट्री बहुत बड़ी है, मशीनें अत्याधुनिक हैं और स्वच्छता के कड़े मानकों का पालन किया जाता है। यहां की हर प्रक्रिया में गुणवत्ता के प्रति फ्रीडम की प्रतिबद्धता साफ झलकती है।"
- **आपने उत्पादन प्रक्रिया के बारे में क्या खास जाना?**
  श्री भरानी : "यहां की पूरी उत्पादन प्रक्रिया कंप्यूटर से नियंत्रित एवम पूर्णता स्वचालित है। फिलिंग, कैपिंग, लेबलिंग और पैकिंग सब कुछ मशीनों और रोबोट के जरिए होता है। यहां नैनो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि तेल की गुणवत्ता हमेशा उच्चतम स्तर पर हो, और यह फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) के मानकों पर पूरी तरह खरा उतरे।"
- **स्वचालित प्रक्रिया का उत्पाद की गुणवत्ता पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
  श्री भरानी : "स्वचालित और हाथों से मुक्त प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि तेल के उत्पादन में किसी भी तरह की अशुद्धता या मिलावट की कोई गुंजाइश न हो। इसके साथ ही, यहां एक हाई-टेक लैब है, जो 101 स्तर पर गुणवत्ता की जांच करती है।"
- **आपकी यात्रा से क्या निष्कर्ष निकला?**
  श्री भरानी : "मैं यह कहकर बेहद खुश हूं कि फ्रीडम अपने उपभोक्ताओं के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। उनकी गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता मुझे बेहद प्रभावित करती है। यही वजह है कि फ्रीडम आज भारत का नंबर.1* बिकने वाला सनफ्लावर ऑयल ब्रांड है।"





## चिंतन

# धार्मिक कार्यक्रम में भगदड़ होने पर दोषी को सजा मिले

मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए। यह पहला मामला नहीं है कि धार्मिक कार्यक्रम में इस तरह का हादसा हुआ हो। कौन भूल सकता है कि कुछ दिन पूर्व यूपी के हाथरस में हुए ऐसे ही हादसे में सैकड़ों लोगों की जान चली गई। हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में 2008 में एक धार्मिक समारोह में भगदड़ मचने से 162 लोगों की जान चली गई थी, मध्य प्रदेश के दतिया में 115 लोगों की मौत हो गई, केरल के सबरीमाला में 104 की मौत हुई, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 27 तीर्थयात्रियों की जान गई। इन चंद हादसों का उल्लेख किया गया। इसके अलावा भी ऐसे दर्जनों धार्मिक आयोजन की लंबी सूची है, जिसमें भगदड़ मचने से श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी पड़ी। जब ऐसे हादसे होते हैं तो हम दुःखी होते हैं। तरह-तरह की चर्चाएं भी होती हैं। पुख्ता सुरक्षा इंतजाम को ढोल पीटा जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद न केवल हम बल्कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन और हमारा प्रशासनिक अमला लापरवाह होता है जब तक कि कोई दूसरा हादसा नहीं हो जाता। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2000 से 2013 तक, भगदड़ में लगभग 2,000 लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (आईजेडीआरआर) द्वारा प्रकाशित 2013 के एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थयात्राओं के कारण होती हैं। भारत और अन्य विकासशील देशों में भीड़-भाड़ से जुड़ी अधिकांश दुर्घटनाएं धार्मिक स्थलों पर होती हैं। अक्सर ऐसी धार्मिक सभाएं ऐसी जगह होती हैं, जहां से निकलने का केवल एक रास्ता होता है और वो भी संकरा। इससे तीर्थयात्रियों के लिए जोखिम पैदा होता है। भगदड़ के कई कारण होते हैं, जैसे क्षमता से ज्यादा भीड़ होना, भीड़ पर खराब नियंत्रण, खराब तरीके से चुना गया कार्यक्रम स्थल, संकीर्ण स्थान, लेकिन हादसा हो जाता है तब हम इस पर चर्चा करते हैं। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। प्रशासन क्यों इसके लिए जिम्मेदार नहीं होता। किसी अधिकारी को दंड़ित क्यों नहीं किया जाता। क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों की मंजूरी तो वही देते हैं। आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो पाती। अब हाथरस हादसे को ही लें, न तो आयोजकों का कुछ बिगड़ा और न ही मंजूरी देने वाले अधिकारियों का। इसी का परिणाम है कि मेरठ में एक और हादसा हो गया। हालांकि बचाव रहा है कि कुछ महिला श्रद्धालु ही चोटिल हुई। वैसे भी ऐसे हादसों में सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं ही होती हैं। क्योंकि महिलाएं ज्यादा धार्मिक होती हैं तो ऐसे आयोजनों में ज्यादा पहुंचती हैं। वे भागदौड़ में शारीरिक तौर उतनी मजबूत नहीं होती हैं। महिलाओं में घबराहट भी तुरंत बढ़ जाती है, जिससे उन्हें हार्ट अटैक हो सकता है या दम घुट जाता है। इतना ही नहीं महिलाएं भागते लोगों के पैरों के नीचे आकर कुचली जाती हैं। लेकिन हम फिर भी नहीं जागते। कानून कहता है कि अगर सत्संग किसी घर या निजी स्थान पर आयोजित किया जा रहा है और इसमें केवल कुछ लोग शामिल हैं, तो आमतौर पर किसी औपचारिक परमिशन की आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन सत्संग किसी सार्वजनिक स्थान, जैसे कि पार्क या सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जा रहा है, तो प्रशासन से अनुमति जरूरी है। अगर अनुमति ली गई है और उसके बाद हादसा होता है तो इसके लिए मंजूरी देने वाले अधिकारी और आयोजक दोनों को ही दंडित किया जाना जरूरी है। तभी ऐसे हादसों पर लगाम लग पाएगी।

## क्रिकेट से संन्यास

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# रविचंद्रन अश्विन : एक सुनहरे युग का अंत

भारतीय क्रिकेट हमेशा से स्पिन गेंदबाजों का गढ़ रहा है। इस परंपरा ने क्रिकेट की दुनिया को अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, और रविचंद्रन अश्विन जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ी दिए हैं। हाल ही में रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, और उनके इस निर्णय ने क्रिकेट प्रशंसकों को भावुक कर दिया है। अश्विन ने न केवल भारतीय क्रिकेट को ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि विश्व क्रिकेट में भी अपने कौशल का परचम लहराया। रविचंद्रन अश्विन का जन्म 17 सितंबर 1986 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा सेंट बेड्स स्कूल से प्राप्त की और बाद में एसएसएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इंजीनियरिंग की डिग्री ली। हालांकि उनका झुकाव हमेशा क्रिकेट की ओर रहा। शुरू में एक बल्लेबाज के रूप में खेलने वाले अश्विन ने जल्दी ही महसूस किया कि उनकी असली प्रतिभा ऑफ स्पिन गेंदबाजी में है। अश्विन ने अपने करियर की शुरुआत 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से की। इसके बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भी अपनी जगह बनाई और अपने पहले ही टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रविचंद्रन अश्विन का क्रिकेट करियर आंकड़ों के लिहाज से अद्वितीय रहा है। उन्होंने 94 टेस्ट मैचों में 474 विकेट लिए, जो उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक बनाता है। इसके अलावा, वनडे और टी20 प्रारूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।अश्विन ने न केवल गेंदबाजी में बल्कि बल्लेबाजी में भी भारतीय टीम को मजबूती दी। उन्होंने 5 शतक और 13 अर्धशतक बनाए हैं, जो यह दर्शाता है कि वे एक ऑलराउंडर के रूप में कितने सक्षम थे। अश्विन ने वनडे में 151 विकेट और टी20 में 72 विकेट लिए। हालांकि, उनका प्रमुख योगदान टेस्ट क्रिकेट में ही देखा गया। अश्विन का गेंदबाजी स्टाइल उन्हें सबसे अलग बनाता है। उनकी ऑफ स्पिन गेंदबाजी में विविधता, फ्लाइट, और गति का अद्भुत संयोजन देखने को मिलता है। उनकी 'कैरम बॉल' ने कई बल्लेबाजों को परेशान किया और उन्हें विश्व क्रिकेट में खास पहचान दिलाई। अनिल कुंबले और हरभजन सिंह के संन्यास के बाद भारतीय टीम में एक ऐसे स्पिनर की जरूरत थी जो टेस्ट क्रिकेट में विकेट निकाल सके और कठिन परिस्थितियों में टीम का साथ दे सके। अश्विन ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। कुंबले की तरह, अश्विन ने भी टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता और दृढ़ता दिखाई। हरभजन की तरह, उन्होंने भी आक्रामकता और बल्लेबाजों पर मानसिक दबाव बनाने की कला सीखी। अश्विन की सफलता केवल भारतीय धरती तक सीमित नहीं रही। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया। खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी गेंदबाजी हमेशा यादगार रही है। 2016 में, अश्विन को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब मिला, जो उनकी प्रतिभा और योगदान को वैश्विक स्तर पर मान्यता देता है। अश्विन का संन्यास भारतीय क्रिकेट के लिए एक युग के अंत जैसा है। हालांकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में खेलना जारी रखने का संकेत दिया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी अनुपस्थिति को महसूस किया जाएगा। उनके संन्यास का फैसला कई कारणों से लिया गया हो सकता है, जिनमें उम्र, शारीरिक थकान, और युवा खिलाड़ियों को मौका देने की भावना शामिल हो सकती है। अश्विन का प्रभाव केवल उनके प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया है और स्पिन गेंदबाजी की नई परिभाषा गढ़ी है। उनकी सोच, तकनीक, और रणनीतियां भारतीय क्रिकेट के लिए एक धरोहर हैं। उन्होंने टीम इंडिया को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाला और कई मैच जिताए। उन्होंने दिखाया कि एक स्पिनर भी ऑलराउंडर बन सकता है। अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर टीम में हैं, लेकिन अश्विन जैसी विविधता और अनुभव हासिल करने में समय लगेगा। रविचंद्रन अश्विन का करियर भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज रहेगा। उन्होंने न केवल स्पिन गेंदबाजी को नई ऊंचाई दी, बल्कि भारतीय क्रिकेट के प्रशंसकों को कई यादगार पल भी दिए। उनके संन्यास के बाद टीम में उनकी कमी जरूर महसूस होगी, लेकिन उनके द्वारा स्थापित मानदंड आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। अश्विन को इस नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं, और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए हमेशा आभार।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## ध्यान दिवस

विकेश कुमार बडोला

# असीमित है ध्यान की महिमा

> आज इक्कीस दिसंबर 2024 को प्रथम ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। ध्यान व्यक्ति को अंतर्यात्रा करवाता है। यह व्यक्ति की एकल आंतरिक यात्रा है। इस यात्रा के विविध अनुभव ही उसे वह व्यक्तित्व प्रदान करते हैं, जो एक पूर्णरूपेण आदर्श होता है। ध्यान के प्रवाह में भौतिक व बाहरी जगत शून्य हो जाता है। इस आध्यात्मिक युक्ति द्वारा व्यक्ति स्वयं का इष्टतम बौद्धिक-मानसिक उपचार करता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति के अहं, स्व, मैं व मेरे के साधारण भाव विराट कर्तव्य बोध में रूपांतरित होने लगते हैं। ध्यान की गहनता में स्थिर होकर व्यक्ति व्यक्तिगत दोषों को स्पष्ट देखता है, उन्हें स्वीकार करता है तथा उन्हें समाप्त करने का संकल्प करता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के पौराणिक महत्त्व को समझते हुए 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है। आज इक्कीस दिसंबर 2024 को प्रथम ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व भारत के आग्रह पर महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना आरंभ किया था। इस प्रकार भारतीय आह्वान पर दो महत्त्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दिवसों का आयोजन हमारे देश के लिये गर्व का विषय है। ध्यान शब्द अत्यंत व्यापक है। ध्यान की महिमा असीमित है। इसका प्रतिफल सर्वश्रेष्ठ है। इसमें मनुष्य की मौलिकता, नैतिकता, नवीनता और व्यक्तित्व की श्रेष्ठता समाहित है। संसार की साधारण गतिविधियों को निःस्वार्थ व निर्मोही होकर ग्रहण करके जीवन में संतोष के बिंदु पर स्थिर होना ही ध्यान है।

ध्यान व्यक्ति को अंतर्यात्रा करवाता है। यह व्यक्ति की एकल आंतरिक यात्रा है। इस यात्रा के विविध अनुभव ही उसे वह व्यक्तित्व प्रदान करते हैं, जो एक पूर्णरूपेण आदर्श होता है। ध्यान के प्रवाह में भौतिक व बाहरी जगत शून्य हो जाता है। इस आध्यात्मिक युक्ति द्वारा व्यक्ति स्वयं का इष्टतम बौद्धिक-मानसिक उपचार करता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति के अहं, स्व, मैं व मेरे के साधारण भाव विराट कर्तव्य बोध में रूपांतरित होने लगते हैं। ध्यान की गहनता में स्थिर होकर व्यक्ति व्यक्तिगत दोषों को स्पष्ट देखता है, उन्हें स्वीकार करता है तथा उन्हें समाप्त करने का संकल्प करता है। अंतर्मन की ऐसी स्थिति मनुष्य को हरसंभव विधि से वही विचार व भाव अपनाने की शिक्षा देती है, जो मानव कल्याण के लिए अभीष्ट है। ध्यान एक आंतरिक एकांत है। मन में एक शांत विश्राम ग्रहण कर श्वास-निःश्वास पर केंद्रित होना ध्यान का आरंभिक चरण है। यदि यह अवस्था दीर्घावधि तक रहती है तो निश्चित रूप में मनुष्य का तन-मन व आत्मा आश्चर्यजनक ढंग से बलवान होने लगते हैं। विचारों एवं भावनाओं में सकारात्मकता, आशा व नवीन ऊर्जा का संचार होने लगता है। जैसे-जैसे ध्यान का विस्तार होता जाता है, उसी अनुपात में आत्मविश्वास एवं आत्मचेतना विकसित होने लगती है। जगत में परिव्याप्त अनेक बुराइयों, कठिनाइयों व संघर्षजन्य कष्टों के मध्य अविचलित होकर स्थिर रहने तथा लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निरंतर उन्मुख होने की जीवनशक्ति का निर्माण ध्यान के अगणित आत्मतत्वों से ही होता है। वर्षों तक ध्यानस्थ रहने-होने का अभ्यास मनुष्य को न केवल स्वयं के लिए, अपितु अन्य मनुष्यों व समाज के लिए भी उपयोगी बनाता है। कल्पना करते हैं कि यदि संसार के अधि से भी अधिसंख्य मनुष्यगण ध्यानाभ्यास करें तो मनुष्यों का समग्र सांसारिक जीवन कितने आनंद व कितनी समृद्धि से भर जाएगा! प्रायः अधिसंख्य मनुष्यों के मन में एक विचित्र हलचल होती है। वे विचलित होते हैं। उनमें एक विकलता लहराती रहती है। यह अनेक प्रचलित विषयों, मतों, विचारों व सिद्धांतों के प्रति असहमति का अंतर्द्वंद्व होता है। अंतर्द्वंद्व का यह उद्वेग यदि अधिक समय तक अथवा निरंतर बना रहता है तो व्यक्ति का भौतिक एवं मानसिक जीवन तनाव से घिरने लगता है। इस समय जगत के विभिन्न देशों के शासक एवं



लोग इसी प्रकार के द्वंद्व से घिरे हुए हैं। इसीलिए जग में अशांति है। इसी कारण दुनिया पारस्परिक भेदों से ग्रसित है। इसी अवगुण की दुष्प्रेरणा से प्रत्येक देश एवं प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को ही श्रेष्ठ मान रहा है और दूसरे की उपेक्षा व अपमान में लिप्त है। एक ही देश में राजनीति के प्रतिनिधि विभिन्न दलों की भी यही स्थिति है। इन दलों से जुड़े हुए लोग भी विषय, मत, विचार व सिद्धांत की परस्पर प्रतिस्पर्द्धा में लिप्त हैं। यही धारा समाज व सार्वजनिक जीवन से होते हुए परिवारों तक फैल गई है। यह अहं, स्वार्थ, मैं, मेरा व मेरी की दुर्भावना बढ़ा रहा है। परिणाम में दुनिया में दो देशों के मध्य सैन्य युद्ध, शीत युद्ध एवं अर्थ युद्ध हो रहे हैं। एक ही देश में एक राजनीतिक दल व इनके सदस्यों का दूसरे राजनीतिक दल व उनके सदस्यों के साथ विषय विकार का युद्ध चल रहा है। समाज में पद, प्रतिष्ठा, गौरव व अस्मिता प्राप्त करने की अभिलाषा से भी लोगों के मध्य पारस्परिक प्रतियोगिता बढ़ रही है। परिवार ऐसी स्थिति में अप्रभावित कैसे हो सकता है।

फलतः पारिवारिक सदस्यों के मध्य भी अनावश्यक मतभेद बढ़ रहे हैं। आज चहुंओर दृष्टि घुमाने पर संवेदनशील व्यक्ति को यही दिखाई देता है और यही अनुभव हो रहा है कि मानवता समाप्ति की सीमा पर है। भौतिक, औद्योगिक व वैज्ञानिक उन्नति ने मनुष्य के जीवन को वस्तुओं एवं सेवाओं के स्तर पर तो सुगम बनाया है, किंतु ऐसी उन्नत स्थिति ने अपने व्यापक नकारात्मक परिणाम भी प्रकट किए हैं। ये परिणाम मनुष्यों के मन-मस्तिष्क एवं भावना-आत्मा को भी मानुषिक चेतना से रिक्त कर चुके हैं। इस कारण मानव प्राकृतिक मानवीय गुणों से वंचित हो रहा है।

इन स्थितियों में व्यक्तित्व के विकास को प्राथमिकता देनी होगी। व्यक्ति का व्यक्तित्व शांत, संतुलित व समुचित होगा तो ही देश व दुनिया का विकास उचित अर्थों में फलीभूत हो सकेगा। इस प्रयोजन हेतु व्यक्ति की दिनचर्या ध्यान द्वारा परिष्कृत किए जाने की अति आवश्यकता है। जब व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय ध्यानपूर्वक बैठकर आंतरिक विचार-विमर्श करेगा, स्वयं के जीवन के मौलिक अस्तित्व व उद्देश्य से परिचित होगा तथा ध्यानाभ्यास की ऐसी शक्ति से अपने भौतिक व व्यावहारिक कार्य संपन्न करेगा तो फलस्वरूप उसका ही नहीं, अपितु समाज व राष्ट्र का भी यथोचित उपकार होगा। भारत भूमि पौराणिक समय से ही ध्यानियों की भूमि रही है। समय-समय पर अनेक साधकों, साधुओं, संतों व ज्ञानियों ने व्यक्तिगत ध्यान की गहराई में प्रवेश कर जीवन के मर्म को समझा। उन्होंने जीवन ही नहीं, मृत्यु के सत्य का भी गहन आंतरिक निरीक्षण किया। ध्यान द्वारा प्रतिपादित अपनी साधनाओं द्वारा उन्हें जीवन-मृत्यु, आत्मा-परमात्मा, मोक्ष-मुक्ति, इत्यादि विषयों का वास्तविक ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी ज्ञान परंपरा के आधार पर भारतीय लोकजीवन में धर्म की उत्पत्ति हुई। यह असाधारण उपलब्धि थी। मानव के स्वरूप में विद्यमान साधकों के ऐसे आध्यात्मिक रूपांतरण द्वारा ही संसार में धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, प्राकृतिक तथा मनोवैज्ञानिक ज्ञान का उद्गम हुआ। ध्यान के बल पर अर्जित ऐसा पौराणिक ज्ञान सदैव ही मानवों का पथ-प्रदर्शक रहा है तथा उन्हें सन्मार्ग की ओर प्रशस्त करता रहा है। आज संसार के प्रत्येक मनुष्य को भारत के पौराणिक, आदिकालिक ध्यान-साहित्य से परिचित होने की आवश्यकता है। देश, काल, व्यक्ति व परिस्थिति के अनुसार जीवन को श्रेष्ठता प्रदान करने हेतु व्यक्ति को सबसे पहले आत्मदर्शन करने होते हैं। आत्मदर्शन की सुविधा ध्यान आरंभ करने पर प्राप्त होती है। राष्ट्र, समाज, परिवार और मानवों में पारस्परिक दायित्व की शुद्ध भावना तब ही आकार लेती है जब ध्यानकेंद्रित होकर जीवन के उद्देश्यों व लक्ष्यों की चेतना उत्पन्न होती है। आदर्श तथा कम से कम मनुष्योचित आचार-व्यवहार सुरक्षित रखने के लिए मनुष्यों को ध्यान के योग व उपयोग को अंगीकार करना ही होगा। मानवीय जीवन में मानवता की पुनःप्राप्ति के लिए ध्यान अति आवश्यक है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित

## दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

## प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नक्सलवाद पर कब लगेगी रोक?

भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने अगले एक साल के भीतर देश से नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की बात कही है। पता नहीं, इस शुभ कार्य में भारत की सारी व्यवस्था कहां और कब तक सफल होती है? इसका उत्तर तो निकट भविष्य के गर्भ में ही छुपा है, तथापि इस घोषणा का स्वागत और प्रशंसा तो की ही जा सकती है। नक्सलवाद के संस्थापक चारु मजूमदार और कानू सान्याल ने तत्कालीन राजनीतिक और प्रशासनिक कुव्यवस्था द्वारा दी गई घोर यातना और भयंकर कष्ट को झेला और सहा था।

- सांकेत अग्रवाल, कांकेर

## ट्रेंड

### कांग्रेस माफी मांगे



अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य! श्री राहुल गांधी द्वारा दो बीजेपी सांसदों पर किया गया शारीरिक हमला हमारे संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए!

-किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री

### शब्दों को वापस लें शाह



अमित शाह द्वारा संसद में दलितों के मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची है। उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### पूर्वांचली समाज देगा जवाब



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने संसद में हमारे पूर्वांचली भाइयों की रोहिंग्या, बांग्लादेशियों और घुसपैठियों से तुलना की। दिल्ली का पूरा पूर्वांचली समाज अब भाजपा को जवाब देगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### एक अच्छी शुरुआत



एक अच्छी शुरुआत हुई है मेरे चैनल भीष्म इंटरनेशनल में। एमके शो तो है ही, साथ एक और मंच खड़ा हो गया है सनातन मंच। दर्शकों को सनातनी ज्ञान जानने का मौका मिलेगा और सबसे बड़ी बात सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का मौका।

-मुकेश खन्ना, अभिनेता

## करंट अफेयर

# पाक के लंबी दूरी मिसाइल कार्यक्रम से अमेरिका चिंतित



अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार करना वाशिंगटन की पुरानी नीति है। यह टिप्पणी बाइडन प्रशासन की ओर से पाकिस्तान सरकार के स्वामित्व वाली प्रमुख एयरोस्पेस और रक्षा एजेंसी-राष्ट्रीय विकास परिसर (एनडीसी) पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, ''यह इनकार पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संबंध में हमारी चिंताओं पर आधारित हैं, लेकिन इनसे अन्य क्षेत्रों में अमेरिका और पाकिस्तान के बीच मौजूद व्यापक सहयोग प्रभावित नहीं होता।'' अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में योगदान देने के आरोप में चार पाकिस्तानी कंपनियों पर बुधवार को प्रतिबंध लगाया था। इनमें इस्लामाबाद स्थित एनडीसी के अलावा कराची स्थित अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड, एफिलिएट्स इंटरनेशनल और रॉकसाइड एंटरप्राइज शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# सनग्लास बचाते हैं आंखों को यूवी किरणों के दुष्प्रभाव से



परावैंगनी विकिरणें मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक मानी जाती हैं। हालांकि, हम अपनी त्वचा को तो यूवी विकिरणों के दुष्प्रभाव से बचाने पर ध्यान देते हैं, लेकिन आंखों की रक्षा करना अक्सर भूल जाते हैं। पिछली गर्मियों में, यूवी विकिरणों का स्तर चरम पर होने के दौरान खुले आसमान के नीचे समय बिताने वाले महज 60 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने सनग्लास का इस्तेमाल किया। सनग्लास सिर्फ फैशन का जरिया भर नहीं हैं। ये आंखों को यूवी विकिरणों के दुष्प्रभाव से बचाने में भी मददगार हैं। आइए जानें कि हम अपनी आंखों के लिए उपयुक्त सनग्लास कैसे चुन सकते हैं। यूवी विकिरण क्या है? -यूवी विकिरण सूर्य जैसे स्रोतों से उत्पन्न एक प्रकार की ऊर्जा है। ये विकिरण तीन तरह की होती हैं : यूवीए, यूवीबी और यूवीसी। यूवीए और यूवीबी हमारी त्वचा और आंखों को सूरज से होने वाले नुकसान के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। यूवी विकिरणें प्रत्यक्ष, बिखरी हुई या परावर्तित हो सकती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 21 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 23, अंक : 155
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.8
न्यून. 18.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



04
बागबान से तय किया हीरामंडी तक का सफर





विचार पेज
असीमित है ध्यान की महिमा







# 'प्रथम आने की दौड़' होगी खत्म, 10वीं-12वीं में प्रावीण्य प्रथा अब नहीं, अगाड़े-पिछाड़े सब एक बराबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट अब जारी नहीं की जाएगी। यह व्यवस्था मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही लागू किए जाने पर विचार चल रहा है।

■ सीबीएसई के अलावा मप्र बोर्ड भी खत्म कर चुका है 10वीं-12वीं में मेरिट सूची का प्रावधान

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

यह नई व्यवस्था शुरुआती चरणों में है, अर्थात इस पर विचार-विमर्श अभी प्रारंभ हुआ है। समिति की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद इसे उच्च स्तर पर भेजा जाएगा। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल माशिम अपने पड़ोसी राज्यों को खत लिखने की तैयारी कर रहा है। पड़ोसी राज्यों के शिक्षा मंडल को खत लिखकर पूछा जाएगा कि उनके यहां प्रावीण्य सूची के संदर्भ में कौन सी व्यवस्था अपनाई गई है?

पड़ोसी राज्यों की व्यवस्था के निरीक्षण, शिक्षाविदों से सलाह-मशवरा और समिति सदस्यों के बाद ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल अर्थात सीबीएसई कोरोना काल से ही मेरिट प्रथा को बंद कर चुका है। सीबीएसई द्वारा ना तो केंद्रीय स्तर पर और ना ही राज्य स्तर पर मेरिट सूची जारी की जा रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश बोर्ड भी दसवीं-बारहवीं में प्रावीण्य सूची की घोषणा अब नहीं कर रहा है।

## पड़ोसी राज्यों को लिखा जाएगा खत, पूछेंगे- वहां कौन सी पद्धति अपना रहे

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रावधान

बच्चों के मध्य अस्वस्थ प्रतियोगिता को समाप्त करने और स्वस्थ माहौल में उन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिए यह कदम विभिन्न बोर्ड द्वारा उठाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को बेहतर वातावरण में शिक्षा की व्यवस्था करने कहा गया है। इसके तहत ही टॉपर्स लिस्ट सिस्टम खत्म किया जा रहा है। थोक में ऐसे विद्यार्थी होते हैं, जो महज कुछ ही अंकों से मेरिट लिस्ट में जगह बनाने से चूक जाते हैं। इन विद्यार्थियों में हीन भावना आ जाती है। पैरेंट्स, स्कूल सहित कई स्तरों पर उन्हें तुलना का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था से विद्यार्थियों को तुलनात्मक वातावरण से बाहर निकालने और चिंतारहित होकर पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।




### खर्च होते हैं करोड़ों

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा टॉप-टेन में आने वाले छात्रों को डेढ़ लाख की राशि प्रदान की जाती है। सामान्यतः प्रतिवर्ष दसवीं-बारहवीं की मेरिट लिस्ट में 60 से 70 छात्र जगह बनाते हैं। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के बाद इसमें थोड़ा और इजाफा हो जाता है। इन छात्रों को हेलीकॉप्टर राइडिंग भी कराई जाती है। इस तरह से माशिम को प्रतिवर्ष एक से दो करोड़ की राशि खर्च करनी पड़ती है। नए नियम के बाद यह राशि भी बचेगी। इसके अलावा 1-2 अंकों से चूके छात्रों द्वारा पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन भी कम होने की संभावना है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### संसद सत्र समाप्त, विपक्ष ने किया चाय पार्टी का बहिष्कार



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सत्र के अंतिम दिन बिरला ने सांसदों के संसद परिसर और गेट पर प्रदर्शन करने पर पाबंदी लगा दी। विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की पारंपरिक चाय पार्टी का बहिष्कार किया है। विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर और सदन में पक्षपात से नाराज है। इससे पहले भी विपक्ष कई मौकों पर पारंपरिक दावतों का विरोध कर चुका है। इसके साथ ही राज्यसभा की कार्रवाई भी स्थगित कर दी गई।

## आरटीओ से नौकरी छोड़ चुके सिपाही के पास मिली अकूत संपत्ति

# जंगल में खड़ी कार से मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी में शुक्रवार को आयकर विभाग ने करोड़ो रुपयों की छापेमारी की है। भोपाल के जंगली इलाके में खड़ी एक कार से आईटी की टीम ने 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपये कैश सीज किए हैं। कार से करोड़ों रुपये कैश और सोना देखकर अधिकारियों की आखें फटी रह गई हैं। इसके बाद आईटी अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं। वहीं, भोपाल स्थित एक पूर्व आरटीओ कॉन्सेटबल के घर और दफ्तर पर लोकायुक्त की रेड लगाई गई है। इस दौरान अधिकारियों को 2 करोड़ 85 लाख रुपये कैश और 60 किलो चांदी समेत 50 लाख रुपयों के सोने-हीरे जवाहरात प्राप्त हुए हैं।

बता दें, राज्य में बीते दो दिनों से लोकायुक्त और आयकर विभाग ज्वाइंट ऑपरेशन चला रहे हैं। इस कम्र में आईटी की टीम ने भोपाल और इंदौर में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के 51 ठिकानों पर दबिश की थी। छापेमारी के दौरान आईटी अधिकारियों के साथ 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी की टीम ▶▶|शेष पेज 2 पर

## भोपाल में पुलिस को मिली सूचना, आयकर विभाग ने मामला लिया अपने हाथ



### सिपाही के घर से मिली अकूत संपत्ति

लोकायुक्त ने इससे पूर्व आरटीओ की नौकरी छोड़ चुके सिपाही सौरभ शर्मा के अरेरा कॉलोनी स्थित घर से 2.85 करोड़ रुपए कैश, 60 किलो सोना, चांदी, निवेश के दस्तावेज और नोट गिनने की सात मशीनें मिली है। इसकी जांच चल रही है।



### सिपाही के दोस्त की निकली कार

जंगल में मिले 11 करोड़ कैश और 52 किलो सोने का मालिक आरटीओ का पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा है। कार जिस बिल्डर सीएस गौर के नाम पर रजिस्टर्ड है वह सौरभ शर्मा का पार्टनर है। फिलहाल सौरभ लोकायुक्त पुलिस के गिरफ्त में नहीं आया है। परिजनों ने उसके मुंबई में होने की ▶▶|शेष पेज 2 पर

### कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठिकानों पर रेड

बता दें, इस मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी पर टैक्स चोरी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में घिरे होने का आरोप है। आयकर विभाग ने तेजी से कार्रवाई कर रही है। इसके लिए मामले में संबंधित दस्तावेजों और साक्ष्यों से जुड़े हर पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल की जा रही है। इस छापेमारी के बाद राज्य में सनसनी मच गई है। आईटी अधिकारी कार से जब्त सोने और कैश के स्त्रोतों का पता लगा रही हैं। साथ ही, इस अवैध रकम का उपयोग किस कार्य में किया जाना था। इस बारे में भी पड़ताल की जा रही है।

### कहां से आए इतने रुपए

एक अरब की संपत्ति तो लोकायुक्त और आईटी की टीम ने अभी तक जब्त किए हैं। इसके अलावे कई जगहों पर निवेश के दस्तावेज मिले हैं। ऐसे में सवाल है कि एक साधारण आरटीओ सिपाही ने इतनी संपत्ति कैसे बना ली। पिता के निधन के बाद उसे अनुकंपा पर नियुक्ति मिली थी।

### स्कूल भी बनवा रहा था आरोपी

इसके साथ ही पूर्व सिपाही एक स्कूल का निर्माण भी करवा रहा था। यह करीब 20,000 वर्गफीट में है। वहीं, ई-7 अरेरा कॉलोनी में मां के नाम पर बंगला भी है। इन सभी की जांच की जा रही है। हालांकि पूरे कार्रवाई पर लोकायुक्त ने चुप्पी साध रखी है।

# चुनाव की तारीख नहीं आई, चिन्ह आ गए, कमल, पंजा के अलावा सिलाई मशीन और तकिया भी

## राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किए मुक्त चुनाव चिन्ह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव कब होंगे ये अभी तक साफ नहीं है, जनवरी में प्रस्तावित क्या आगे आने वालों महीनों के लिए टल गए हैं, ये भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर पर चुनाव की तैयारी से जुड़े काम तेजी से किए जा रहे हैं। आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर चुनाव चिन्हों को अपडेट कर दिया है। अब मेयर, नगर पालिकाध्यक्ष और वार्डों के चुनाव लड़ने वाले ऐसे प्रत्याशी जो निर्दलीय के रूप में मैदान पर होंगे, उनके लिए चुनाव चिन्ह तय कर लिए गए हैं। मेयर और पालिकाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को कांच का गिलास, ट्यूबलाइट, अंगूठी, सेव, बाल्टी कुंआ जैसे चिन्ह मिलेंगे। वहीं पालिका अध्यक्ष और ▶▶|शेष पेज 2 पर

■ मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल लड़ेंगे अपने चिन्ह पर

अलग खबर

### मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायतों के लिए ये चिन्ह

*राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिक निगम के मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायतों के पार्षदों के लिए दो भागों में चुनाव चिन्ह तय किए हैं। ये चिन्ह इस प्रकार हैं। स्लेट, कांच का गिलास, ट्यूबलाइट, स्टूल, रोड रोलर, सीटी, प्रेशर कुकर, गले की टाइ, बेंच, अंगूठी, गैस सिलेंडर, हारमोनियम, डीजल पंप, चक्की, मेज, सेव, केतली, फ्राक, बाल्टी, द्वार घंटी, कुंआ, ऑटो रिक्शा, फूलों से युक्त टोकरी, एयर कंडीश्नर, केक, चिमनी, हीरा, बांसुरी वगैरह शामिल हैं।*

### दूसरी सूची में ऐसे चिन्ह

*इसी प्रकार प्रतीक चिन्हों की दूसरी सूची में शामिल चिन्ह इस तरह है- सिलाई की मशीन, ब्लैक बोर्ड, टेलिफोन, लैटर बॉक्स, अलमारी, गुब्बारा, बल्ला, मोतियों का हार, साईकिल पंप, नारियल फार्म, चारपाई, कोट, कटहल, बिस्किट, कैमरा, फूल गोभी, डिश एंटीना, बिजली का खंभा, गैस का चूल्हा, हाथगाड़ी, तकिया, हांडी, आरी, स्कूल का बस्ता, पानी का जहाज, झूला, चिमटा, तरबूज, हेलमेट, कंप्यूटर, मिक्सी, रूम कूलर, टीवी रिमोट और टेलीविजन।*






### प्रियंका को खून से '1984' लिखा बैग किया भेंट



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन भुवनेश्वर से भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी नेप्रियंका गांधी को जूट का एक बैग भेंट किया लाल रंग से '1984' लिखा था और उसमें खून की छींटों को दर्शाया गया था। जिसे प्रियंका ने सहर्ष स्वीकार किया। बता दें कि प्रियंका ने फिलिस्तीन और बांग्लादेश के स्लोगन वाले बैग लाकर विवाद खड़ा कर रखा है। सारंगी ने पत्रकारों को बताया कि आजकल फैशनेबल बैग का चलन है, इसलिए उन्होंने संसद परिसर में ये बैग दिया।







# पृथ्वी के करीब आ रही बड़ी तबाही

## क्रिसमस से पहले गुजरेगा विशाल एस्टेरॉयड

पृथ्वी के करीब से एक एस्टेरॉयड गुजरने वाला है। इस एस्टेरॉयड का नाम 2024 XN1 है, जिस पर वैज्ञानिक बारीकी से नजर रख रहे हैं। क्रिसमस से एक दिन पहले 24 दिसंबर को यह पृथ्वी के सबसे करीब से गुजरेगा। यह एस्टेरॉयड लगभग 120 फीट लंबा है। यह पृथ्वी से 72,09,861 किमी की दूरी से गुजरेगा। यह चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की औसत दूरी का 16 गुना है। इसकी स्पीड की बात करें तो यह 23,726 किमी प्रति घंटे से यात्रा कर रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है।



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

ऐसे एस्टेरॉयड शुरुआती सौर मंडल को समझने में मदद करते हैं। नासा इसे आधुनिक ट्रैकिंग तकनीक से बारीकी से देख रहा है, ताकि इसके रास्ते को बेहतर समझा जा सके। हालांकि, इस एस्टेरॉयड से कोई खतरा नहीं है, लेकिन इसकी उपस्थिति हमारे ग्रह के सुरक्षा प्रयासों को जारी रखने की जरूरत की याद दिलाती है। 2024 XN1 पृथ्वी के पास से गुजरने वाले अगले पांच एस्टेरॉयड में सबसे बड़ा है। नासा के 'एस्टेरॉयड वॉच' डैशबोर्ड द्वारा ट्रैक किया जा रहा है। यह डैशबोर्ड उस एस्टेरॉयड को ट्रैक कर रहा है, जिसका व्यास लगभग 120 फीट है। यह डैशबोर्ड पृथ्वी के पास से गुजरने वाले एस्टेरॉयड और धूमकेतुओं की जानकारी देता है। लोग इसके जरिए इनके आकार और स्पीड की जानकारी देख सकते हैं। आने वाले अन्य एस्टेरॉयड को भी वैज्ञानिक पृथ्वी के लिए कोई खतरा नहीं मानते हैं।

### पृथ्वी के लिए एस्टेरॉयड हैं खतरा

एस्टेरॉयड पृथ्वी के लिए बड़ा खतरा हैं। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि डायनासोर की अधिकांश प्रजाति को एक एस्टेरॉयड ने खत्म कर दिया था। नासा इन खतरों से निपटने की तैयारी कर रहा है। नासा ने डार्ट मिशन भी चलाया, जिसके जरिए एस्टेरॉयड की दिशा को बदला गया था। वैज्ञानिकों का मानना है कि एस्टेरॉयड की दिशा बदलने से पृथ्वी की ओर आने वाले खतरों को रोका जा सकता है।

# आइंस्टीन से भी तेज दिमाग वाला शख्स!

## खोज लिया दुनिया के सबसे मुश्किल सवाल का जवाब

**वॉशिंगटन।** दुनिया में ऐसा ही एक बेहद मुश्किल सवाल है, मरने के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर सिर्फ परमात्मा के पास है, मगर एक शख्स ने दावा किया है कि उसने इसका उत्तर खोज लिया है। ये कोई मामूली शख्स नहीं है, इसका दिमाग महान वैज्ञानिक आइंस्टीन से भी तेज है! एक न्यूज वेबसाइट के अनुसार अमेरिका के क्रिस लैंगन का दावा है कि उनका आईक्यू दुनिया में सबसे ज्यादा है, वो आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिन्स से भी ज्यादा हैं। उनका आईक्यू 190 से 210 है, वहीं आइंस्टीन का आईक्यू करीब 160 था। क्रिस का दावा है कि मरने के बाद भी एक दुनिया है, मरना जीवन का अंत नहीं हैं।



### मौत का मतलब है फिजिकल बॉडी को त्यागना!

वो गणित के दम पर भगवान और दूसरी दुनिया के होने का दावा करते हैं। उनका कहना है कि मौत सिर्फ दूसरे डायमेंशन (आयाम) में जाने का एक जरिया है। क्रिस ने कहा कि मौत सिर्फ फिजिकल बॉडी को त्यागना होता है, उसका ये मतलब नहीं होता कि इंसान का अस्तित्व ही खत्म हो गया। मरने का मतलब होता है कि आपका, अपने शरीर से संबंध खत्म हो गया।

### पिछले शरीर के बारे में सब भूल जाता है इंसान

जब आप इस सत्य से निकलते हैं, तो दूसरे सत्य में लौट जाते हैं। आपको दूसरा शरीर मिल जाता है, जिसमें आप कुछ वक्त और रहते हैं। उनका कहना है कि जब इंसान दूसरे डायमेंशन में पहुंचता है, तो उसे पिछले शरीर के बारे में कुछ याद नहीं रहता।

# 4 लाख की आबादी वाले इस देश में नहीं है एक भी मच्छर



**लंदन।** दुनिया भर में मच्छरों का आतंक आम बात है। गर्मी के मौसम में तो ये और भी परेशान करते हैं। भारत में तो मौसम के बदलाव के साथ इनकी संख्या कम हो जाती है, लेकिन अनुकूल परिस्थितियां मिलते ही ये फिर से वापस आ जाते हैं और कानों के पास भिनभिनाकर जीना मुहाल कर देते हैं। मगर, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा देश भी है जहां पूरे साल एक भी मच्छर नहीं पाया जाता? जी हां, ये सच है! इस देश के लोग मच्छरों के बारे में सिर्फ किताबों में पढ़ते हैं या तस्वीरों में देखते हैं। हम बात कर रहे हैं उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित आइसलैंड देश की। यह एक ऐसा अनोखा देश है जहां मच्छरों का कोई अस्तित्व नहीं है। यह सुनकर आश्चर्य होता है, लेकिन इसके पीछे कुछ वैज्ञानिक कारण हैं।

### मच्छर के अलावा नहीं पाई जाती हैं ये प्रजातियां

आइसलैंड न केवल मच्छरों से मुक्त है, बल्कि यहां सांपों और अन्य रेंगने वाले जीवों की भी ज्यादा प्रजातियां नहीं पाई जातीं। हालांकि, यहां मकड़ियों और अन्य कीटों की कुछ प्रजातियां मौजूद हैं। आइसलैंड का पारिस्थितिकी तंत्र अपनी खासियतों के लिए जाना जाता है, जहां कठोर जलवायु परिस्थितियों के बावजूद कई जीव-जंतु और वनस्पतियां पनपते हैं। देखा जाए तो आइसलैंड पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है। यहां के प्राकृतिक नजारे, जैसे झरने, ग्लेशियर, और ज्वालामुखी, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। मच्छरों की अनुपस्थिति यहां के पर्यटन का एक और बड़ा आकर्षण है, क्योंकि पर्यटक बिना किसी चिंता के प्रकृति का आनंद ले सकते हैं।

### आइसलैंड में मच्छरों के न होने के कारण

#### कम तापमान

आइसलैंड का तापमान साल भर काफी कम रहता है, यहां तक कि सर्दियों में यह -38 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच जाता है। इतनी ठंड में पानी जम जाता है, जिससे मच्छरों के लार्वा और प्यूपा जीवित नहीं रह पाते और उनका प्रजनन चक्र बाधित हो जाता है।

#### तेजी से बदलता मौसम

आइसलैंड का मौसम बहुत तेजी से बदलता है। तापमान में अचानक बदलाव मच्छरों के जीवन चक्र को पूरा करने में बाधा डालते हैं, जिससे वे पनप नहीं पाते हैं।

#### स्थिर जल निकायों की कमी

मच्छर अपने अंडे स्थिर पानी में देते हैं। आइसलैंड में ज्यादातर जल निकाय बहते हुए हैं या फिर जल्दी जम जाते हैं, जिससे मच्छरों को अंडे देने और पनपने के लिए उपयुक्त जगह नहीं मिल पाती है।

#### पारिस्थितिक संरचना

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आइसलैंड की मिट्टी, पानी और समग्र पारिस्थितिक संरचना मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल नहीं है। यहां की रासायनिक संरचना मच्छरों के जीवन चक्र को पूरा करने में बाधा डालती है।




# हठ योग : संत राधे पुरी 12 सालों से उठाए हुए हैं दाहिना हाथ

## जनकल्याण और वैश्विक शांति के लिए हैं तपस्या



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के अमला धाम आश्रम के संत राधे पुरी जी पिछले 12 साल से हठ योग करते हुए दाहिना हाथ उठाए हुए हैं। जूना अखाड़ा के सदस्य महाराज की तपस्या जनकल्याण और वैश्विक शांति के लिए हैं। राधे पुरीजी मध्य प्रदेश के अमला धाम आश्रम के प्रसिद्ध संत हैं, जो अपने अद्वितीय तपस्विता और योग साधना के लिए प्रसिद्ध हैं। वे अपनी साधना के माध्यम से दुनिया को शांति और समृद्धि का संदेश देते हैं।

महाराज पिछले 12 साल से हठ योग में जुटे हुए हैं, और इस दौरान उन्होंने अपना दाहिना हाथ हमेशा ऊपर उठाए रखा हैं। यह योग साधना शारीरिक और मानसिक संतुलन को मजबूत करती है, साथ ही आत्मज्ञान की ओर अग्रसर करती हैं। यह तपस्या जनकल्याण और वैश्विक शांति के लिए की जा रही हैं। उनका विश्वास है कि इस प्रकार की साधना से दुनिया में शांति और सौहार्द बढ़ सकता हैं। उनकी यह साधना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि समाज और देश की भलाई के लिए भी हैं।

### 1 फीट लंबा हो गया नाखून

साल 2011 में महाराज ने तपस्या की शुरुआत की, जिसे देखकर लोग चकित रह गए। यह एक असाधारण कदम था, और जल्द ही उनके अनुयायी बढ़ने लगे। उनकी तपस्या के दौरान उन्होंने अपने शरीर और मन को पूरी तरह से साधना में झोंक दिया। इस दौरान दाहिने हाथ की बीच की उंगली का नाखून लगभग 1 फीट लंबा हो गया। यह घटना उनके अनुयायियों के बीच विशेष चर्चा का विषय बनी और एक चमत्कारिक रूप में देखी गई। महाराज दुनिया के सबसे बड़े संतों के अखाड़े, जूना अखाड़ा के सदस्य हैं। जूना अखाड़ा भारतीय साधु-संतों का सबसे बड़ा समुदाय है, और महाराज का इस अखाड़े से जुड़ाव उनके आध्यात्मिक विकास की दिशा को और भी मजबूत बनाता हैं। महाकुंभ 2025 की पेशवाई में महाराज ने भी भाग लिया हैं। यह एक ऐतिहासिक और धार्मिक घटना है, जिसमें लाखों श्रद्धालु और संत एकत्र होते हैं। महाराज की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महिमामंडित किया हैं।





# गुनीत मोंगा की 'अनुजा' हुई ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट

**मुंबई।** अपनी शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' के लिए साल 2023 का अकादमी पुरस्कार जीतने वाली गुनीत मोंगा एक बार फिर भारती सिनेमा को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हैं। उनके नए प्रोजेक्ट 'अनुजा' को 'ऑस्कर 2025' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ लाइव-एक्शन शॉर्ट फिल्म' श्रेणी में चुना गया है, जिसकी वह कार्यकारी निर्माता हैं। यह गुनीत का अकादमी पुरस्कारों में तीसरा नामांकन है। ऑस्कर 2025 के लिए 'अनुजा' को चुना गया 180 क्वालीफाइंग एंट्री में से चुना गया। यह शॉर्ट फिल्म ऑस्कर के लिए 15 शॉर्टलिस्ट की गई फिल्मों में शामिल है। 'अनुजा' को एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई द्वारा निर्देशित और हॉलीवुड स्टार और लेखिका मिंडी कलिंग द्वारा सह-निर्मित किया गया है।



# बलिदान पर आधारित है फिल्म '120 बहादुर'

**मुंबई।** देश में लगातार फिल्मों का दौर जारी है। इसी बीच फरहान अख्तर स्टारर की अपकमिंग चर्चित फिल्म '120 बहादुर' की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। यह फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। फिल्म के निर्माताओं ने अपडेट देते हुए गुरुवार को यह घोषणा की। मेजर शैतान सिंह भाटी और देश के सैनिकों की बहादुरी और बलिदान पर आधारित फिल्म में फरहान अख्तर लीड रोल में हैं। इससे पहले फरहान ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी प्रोजेक्ट '120 बहादुर' के सेट से फिल्म का पोस्टर शेयर किया था।

लाइफ Style

# संजीदा शेख



## बागबान से तय किया हीरामंडी तक का सफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभिनेत्री संजीदा शेख का जन्म 20 दिसंबर, 1984 को कुवैत में हुआ था। संजीदा ने अपना सफर छोटे पर्दे से शुरू किया और अपने अभिनय के दम पर बड़े पर्दे तक पहुंचीं। उन्होंने कई जानी-मानी फिल्मों में काम किया। संजीदा ने फिल्मी करियर की शुरुआत टीवी सीरियल 'क्या होगा निम्मो का' से किया।

इस धारावाहिक में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। संजीदा शेख ने टेलीविजन पर काफी सराहनीय काम किया है। वह 'कयामत', 'इश्क का रंग सफेद', 'क्या दिल में है', 'एक हसीना थी' जैसे कई टीवी सीरियल्स में काम कर चुकी हैं। साथ ही वह कई रियलिटी शो में भी भाग ले चुकी हैं। अभिनेत्री ने 'नच बलिए', 'झलक दिखला जा', 'जरा नचके दिखा' जैसे रियलिटी शो में भी भाग लिया है। टीवी जगत ने संजीदा को काफी शोहरत दिलाई। उनकी गिनती टीवी की टॉप एक्ट्रेस में होने लगी। अभिनेत्री संजीदा शेख ने 19 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन की फिल्म 'बागबान' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में भले ही उनका रोल छोटा रहा हो, लेकिन उनके किरदार के लिए उन्हें काफी पसंद किया गया। साल 2003 में आई इस फिल्म में उन्होंने नीली का किरदार निभाया था। अभिनेत्री ने हिंदी के अलावा तमिल, कन्नड़ और पंजाबी फिल्मों में भी काम किया है। साल 2005 की तमिल फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' में संजीदा ने अभिनय किया। 2006 की कन्नड़ फिल्म 'शुभम' में भी वह नजर आईं।


# फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867


# आराध्या के स्कूल फंक्शन में ऐश्वर्या अभिषेक का डांस हुआ वायरल



**मुंबई।** तलाक की अफवाहों के बीच अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय को आराध्या के स्कूल के वार्षिक समारोह में एक साथ दीवानगी गाने पर डांस करते देखा गया। गुरुवार शाम को मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह के लिए सितारे इकट्ठे हुए। इस दौरान ऐश्वर्या और अभिषेक का साथ में डांस अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं, एक क्लिप में शाहरुख खान भी नजर आए। एक और दिल को छू लेने वाले वीडियो में ऐश्वर्या और अभिषेक अपनी बेटी और अबराम के लिए ताली बजाते और हंसते हुए नजर आए। सैफ अली खान, करीना कपूर, मीरा राजपूत, सुहाना खान, गौरी खान, रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा, पृथ्वीराज सुकुमारन और मनीष मल्होत्रा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और बच्चों का उत्साह बढ़ाया।



# सास के रोल को लेकर चिंतित थीं अमीषा

**मुंबई।** 'गदर 2' के निर्देशक अनिल शर्मा अपनी फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर जाने जाते हैं। हालांकि, इस फिल्म के बाद से दोनों के बीच गर्मागर्मी देखने को मिली थी। दरअसल, फिल्म की रिलीज के बाद से दोनों के बीच विवादों ने जन्म लिया। अब हाल ही में, निर्देशक ने बताया कि फिल्म में अमीषा पटेल ने सास की भूमिका निभाने को लेकर चिंतित थीं। हालांकि, बाद में वह सास का रोल निभाने के लिए तैयार हो गई थीं। अनिल शर्मा ने कहा, 'मुझे लगता है कि 'गदर 2' में 'सकीना' के रोल को उतनी जगह नहीं मिल पाई, जितनी उन्हें गदर 1 में मिली थी।

# सीआईडी के इस सीजन में पहले से ज्यादा मिलेगा मजा, नहीं बदली स्टाइल



**नई दिल्ली।** टीवी का हिट शो 'सीआईडी' 21 जनवरी 1998 में शुरू हुआ था, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। इसका आखिरी एपिसोड 2018 में प्रसारित हुआ था। अब छह साल के अंतराल के बाद यह शो दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रहा है और दर्शकों का फिर मनोरंजन करने के लिए तैयार है। 'सीआईडी सीजन 2' 21 दिसंबर से शुरू होगा। हाल ही में शो में एसीपी प्रद्युम्न का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता शिवाजी साटम ने शो को लेकर कई दिलचस्प खुलासे भी किए। इस सीजन में पहले से भी ज्यादा मजा मिलेगा। हमारी स्टाइल नहीं बदली, हम तो वैसे ही हैं, लेकिन स्क्रीन बदल गई है। प्रेजेंटेशन की तकनीक बदल गई है। प्रद्युम्न, दया, अभिजीत और सालुंखे भी वैसा ही रहेगा, बस बैकग्राउंड बदल गया है। प्रोडक्शन वैल्यू बढ़ गई है। शो देखने का अनुभव पहले से ज्यादा अच्छा रहेगा। सिनेमैटिक अनुभव भी बहुत अच्छा रहेगा। इतना जरूर बोल सकता हूं कि कुल मिलाकर दर्शकों को इस बार शो देखते वक्त पहले से ज्यादा मजा आने वाला है। मैं एक्टर हूं। अभी भी मुझसे मेरे पसंदीदा काम करने के लिए पूछा जाएगा तो मैं कहूंगा मराठी रंगभूमि का थिएटर। अब वह नहीं है तो ठीक है। मैं अभिनय करता हूं। जैसे एक क्रिकेटर को किसी भी जगह क्रिकेट खेलने में मजा आएगा, चाहे मैदान हो या बड़ा स्टेडियम, वैसे ही अभिनेता के तौर पर मुझे भी अभिनय करने में मजा आता है। ऐसा नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड में मजा नहीं आता या टेलीविजन पर मजा नहीं आता। हां, अभी भी जो मैं दिल से कर सकता हूं, वो है मराठी रंगमंच भूमि, लेकिन काफी साल हो गए। शुरुआत वहीं से हुई थी।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अर्जेन्ट आवश्यकता है -** रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 **पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888.** (RO-2459)

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019.** (RO-3160)

### गृह कार्य

**आवश्यकता है-** गृह कार्य हेतु 24 घंटे की बाई। रहना एवं खाना दिया जाएगा। अनुभव कम से कम २ साल होना चाहिए। **स्थान: कचना, रायपुर संपर्क करे: 9437577871.** (RO-2460)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर-2, ऑटोमेटिक लग्जरी कारों हेतु सिनियर जो घर आफिस कार्य भी कर सके मेहनती हो साथ ही परिवार के लिए घरेलू खाना बनाने या घर कार्य भी आदतन शराबी न हो वेतन 15000 +चौकीदार, प्यून, गार्ड सिनियर अनुभवी मेहनती हो रूम उपलब्ध है वेतन 9/10/12+ **मिलें- हीरापुर, रायपुर 6266919193, /95.** (RO-3171)

**आवश्यकता है-** रायपुर में ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने हेतु कुशल एवं 5 वर्ष के अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति भेजे **संपर्क:- 7879304752.** (RO-515)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**Wanted-** Urgent Hiring: Learning Spiral is hiring Graduate freshers for the position of Computer Operator for our AI domain. Salary: Rs 7000 per month. Job Location: Telibandha, Mahaveer Nagar, Raipur. -- Basic computer knowledge is a must. Send your resume to us at hr@learningspiral.co.in or contact us at **7024119534.** (RO-112)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित **सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.** (RO-440)

### सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** साफ-सफाई व ऑफिस कार्य के लिए लड़के की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन के साथ। **संपर्क करें:- आकाश गंगा सुपेला, भिलाई। मो.- 98278-06026, 70001-38049.** (आरो न.-7153)

### गोडाऊन कार्य

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158.** (RO-390)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** इटली रवा के विक्रय हेतु अनुभवी सेल्स गर्ल एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। जो रायपुर शहर में जाकर माल विक्रय कर सके। **संपर्क करे- मो. न. 9300905560.** (RO-509)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ- बी.एस.सी. नर्सिंग व जी.एन.एम. ओडी (OT) टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्निशियन, वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यताअनुसार। **संपर्क करें। श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ . - 9691631006, 9617952445, 9926115911.** (RO-6449)

### सेल्स मैनेजर/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** सीनियर सेल्स मैनेजर- 4 (ऑटोमोबाइल अनुभवी) सेल्स एक्जीक्यूटिव- 6, डिजिटल मार्केटिंग- 2, ग्राफिक डिजाइनर- 2, टेलीकालर एक्सपर्ट- 4, EV मैकेनिक, इंजीनियर- 6, ITI पास (वेल्डर, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल) एक्सपर्ट- 6, चौकीदार /प्यून /गार्ड /हेल्पर /लेबर- 4, बायोडाटा भेजे **संपर्क:- रिलेक्टो EV, सोनडोंगरी, रिंगरोड- 2, हीरापुर- आयशर शोरूम के आगे, रायपुर w/a 6266919195 /200.** (RO-3170)

### ड्रायवर/हेल्पर/गार्ड

**आवश्यकता है-** ड्राइवर + हेल्पर + पैकिंग लड़के, सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कंप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट एवं सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **मो.- 74897-70673, 98261-83500.** (RO-522)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क नंद होयिजरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.** (RO-1022)

**आवश्यकता है-** अनाज दुकान में चार शिक्षित मेहनती युवक/युवतियों की आवश्यकता है। वेतन-8000-10000,शीघ्र **संपर्क करें - डी.के.ट्रेडर्स लिंक रोड केम्प-2 पावर हाऊस भिलाई छत्तीसगढ़ मो.- 7000087765.** (आरो न.-642)

### टीचर

**आवश्यकता है-** स्कूल स्टाफ चाहिए हिंदी माध्यम गौकर्ण हा./ से. स्कूल सेजबहार धुसेरा रायपुर में पहली से आठवीं तक सभी विषयों के (फुल/ पार्ट टाइम) शिक्षक जो अनुभवी विवाहित व संस्कारी हो व एक सहा. प्रचार्य एक ऑफिस क्लर्क चाहिए निकटतम रहवासियों को प्राथमिकता- मानदेय व सुविधायें योग्यतानुसार चर्चा पश्चात साक्षात्कार समय सुबह 11 से 1 तक दिनांक 23/ 24 दिसंबर **संपर्क- 9977604440.** (RO-2457)

### ड्रायवर/कुक

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1243)

### सर्वे कार्य

**आवश्यकता है-** सर्वे कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं कमीशन। साक्षात्कार दिनांकः 22 दिसंबर 2024, समय 11-00 बजे से। **स्थानः सुमन पब्लिक स्कूल गुण्डरदेही, जिला - बालोद मो.-9893466123.** (आरो न.-643)

### ऑपरेटर/सेल्स कार्य

**आवश्यकता है-** एक लीडिंग ऑटोमोटिव डीलरशिप कंपनी गुरुकृपा मोटर्स को ग्राम -अंडा एवं पाटन (दुर्ग) में निम्नलिखित मेल पदों की आवश्यकता हैं ऑफिस कम कंप्यूटर ऑपरेटर (पदः 04), सेल्स एग्जीक्यूटिव लोकेशन - अंडा (पदः 05) Contact : **8871112525, 9109801154.** (आरो.-SP/900)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** भिलाई क्षेत्र में हेल्पर वेतन 9000/- एवं हाऊस वायरिंग ट्रेंड इलेक्ट्रिशियन वेतन -15000/- की आवश्यकता है रहने की सुविधा। अनुभव को प्राथमिकता, जरूरतमंद ही **संपर्क करें मो. 9329024361, 8319762996.** (RO-Bhilai)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:- 6294162526.** (RO-3128)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7866031540.** (RO-599)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871.** (RO-3106)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** दुर्गा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं एवं दुकानदार हेतु विशेष छूट **संपर्क:- 9455768860.** (RO-3172)

**फाइनेंस -** जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 5000000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9416458298.** (RO-3269)

छोटा विज्ञापन

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** RDA कॉलोनी (उमंग कॉलोनी) टिकरापारा रायपुर में 3BHK मकान किराए पर देना है। एक कमरा छात्राओं को देना है। छत्तीसगढ़िया ही **संपर्क करें। मोबाइल 9340895480, 9009539935.** (RO-2458)

## Property प्रापर्टी

**प्लॉट बेचना है -** पूर्व मुखी छोटा कमर्शियल प्लॉट 12600 वर्गफीट, 52×241 पुराना धमतरी हाइवे रोड कल्पवृक्ष के पास, जैन ब्रिक्स के सामने, छछानपैरी रायपुर। 2750/- 3000/- **सम्पर्क- 9752473779 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें)** (RO-36308)




## Healthcare

**सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स**

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अतः इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दांग, सर मे रुसी का भ्रम, नाखुनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा पन, घुटने मे कार्ट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसी आने लगते है, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेंटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, योनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा मे इसका उपाय है ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षों के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर है। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

**वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर**
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
**डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)**
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें, रेलवे का एसी किराया बढाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे में एसी का सफर महंगा हो सकता है। संसदीय स्थायी समिति ने रेलवे राजस्व में आई कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए रेलमंत्रालय को कहा है कि सभी मार्गों के सभी ट्रेनों के एसी किराये का पुनर्मुल्यांकन किया जाए ताकि यात्री किराये से प्राप्त आय और खर्च को कुछ हद तक समायोजित किया जा सके।

वर्ष 2022-2023 और 2023-2024 में न के बराबर यात्री किराये से राजस्व वसूला जा सका है जब कि 2024-2025 के लिए 2 हजार 800 करोड रुपये कमाने का लक्ष्य रखा गया है। स्थायी समिति की अनुशंसाओं का असर आगामी रेल बजट में देखा जा सकता है। रेलवे संसदीय स्थायी समिति ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि पिछले 11 सालों से मालगाडी की औसत रफ्तार 25 किमी प्रति घंटे की रखी गई है।


## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

NIT NO:-98/15FC/RMC/2024 RAIPUR DATED : 16/12/2024

Online bids are invited for the following works of works up to 11/01/2025 at 17:30 hours.

| System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 163210 | Beautification, greening landscaping and other allied Works in Baghwe Talaha Madhav Rao Sepre wantino 69 | 144.42 Lacs | 10,000/- | 1,45,000 | 'C' & Above | 06 Months (Including Rainy Season) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from 19/12/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System.Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**SUPERIDING ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

## POLICE HEAD QUARTER, CHHATTISGARH
SECTOR-19, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR-492002 DIST-RAIPUR(C.G)
Contact No./Fax No. 0771-229692, WEBSITE - www.cgpolice.gov.in

S.No.- PHQ/ F&P/ Maint./ M- 655/2024 Dated: 20/12/2024

**NOTICE INVITING TENDER**

The Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh,invites percentage rate tender for the following works from registered 'D'Class or above in unified registration system of CGPWD with excellent working experience in related field.The offers/tenders will be received in the office of the Deputy Inspector General of Police(P/P) at Police Head Quarter Naya Raipur.

| S. No. | Name of Work | Estimated cost of Work in Rs. | Cost of Tender form in Rs. | Earnest Money in Rs. | Time of Completion | Category of Registration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | "Replacement Of Insulation Sheet And Minor Civil Work In Air Washer(Duct Cooler) Duct Unit Installed At PHQ Atal Nagar, Nava Raipur(C.G)" | 13.48 Lakh | 750/- | 13,480/- | 60 Days | e -registration 'D' class or above in unified registration system of CGPWD |

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect must be submitted as per the schedule below----

SCHEDULE FOR TENDER

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Address for submission of tender document | DIG of Police(P&P), Police Head Quarter Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur, Atal Nagar C.G. Pin- 492002 |
| (b) | Last Date, Time and Place of Receiving Tender form | 15-01-2025 till 15:00 Hours Block no.04 - Room No.-402 |
| (c) | Last Date, Time and Place of Submission on Bids | 20-01-2025 till 15:00 Hours Block no.04 - Room No.-402 |
| (d) | Place, Time and Date of opening Technical Bid :- | 21-01-2025 at 12:00 Hours Block no.03 - Room No.-309 |
| (e) | Place, Time and Date of opening Financial on Bids | Shall be intimated later. |

Note - Detailed advertisement,terms and condition and any other information with tender form can be received from the office of the undersigned in office timings.

**D.I.G. of Police (P/P)**
**For-Director General of Police**
**Police head Quarter, Atal Nagar,Nava Raipur(C.G)**

G- 242504760/1


# पहले काटी बिजली, अब घर पर चला बुलडोजर

### संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ प्रशासन का ताबड़तोड़ एक्शन

एजेंसी ▶▶| संभल

यूपी के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ जिला प्रशासन का एक्शन लगातार जारी है। गुरुवार को बिजली काटने के बाद शुक्रवार को उनके घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। प्रशासन और नगरपालिका की टीम ने सांसद के घर के बाहर नालियों पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। नाली के ऊपर बनी सीढ़ियों को तोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क पर कथित बिजली चोरी का मामला दर्ज कर उन पर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उनके पिता के खिलाफ गुरुवार को संभल में छापेमारी के दौरान निगम कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकाने का मामला दर्ज किया है। यूपीपीएसएल के असिस्टेंट इंजीनियर विनोद कुमार ने कहा, यह जुर्माना तब लगाया गया जब यह पता चला कि उनके घर पर 4 किलोवाट कैपेसिटी वाले मीटर के मुकाबले 16 किलोवाट से ज्यादा यूनिट का इस्तेमाल किया जा रहा था।

### सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पहुंचे हाईकोर्ट

यूपीपीसीएल के जूनियर इंजीनियर बीके गंगल ने कहा, 'जब हम यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि उनके घर पर बिजली चोरी कैसे हो रही है, तो सांसद के पिता ने हमें रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, 'अगर सपा सरकार सत्ता में आई तो तुम लोग बर्बाद हो जाओगे। तुम्हारी हरकतें सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो रही हैं। राज्य में सरकार बदलने पर तुममें से हर एक को अंजाम भुगतने होंगे।'

### पिता के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज

24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के पास हुई हिंसा से पहले ही बर्क पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में सांसद ने अपनी संभावित गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दायर किया है, इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होने के आसार हैं। बर्क के पिता मामलुक उर रहमान बर्क के खिलाफ भी बीएनएस की कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।


## C/PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
कार्या.- कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कुरुद

**33 के.व्ही. विद्युत लाईन के ऊर्जीकरण पूर्व सूचना**

33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जोरातराई ( कल्ले) से कार्यपालन अभियंता एम. आर. पी. डैम, डिवीजन-2, धमतरी जिला- धमतरी (छ.ग.) हेतु सूक्ष्म सिंचाई योजना कोड़ेबोड़ के लिए नवीन 33 के.व्ही. लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त लाईन को दिनांक 21.12.2024 के बाद से उर्जीकृत माना जावे। संबंधित लाईन ग्राम कल्ले, अंवरी, कोड़ेबोड़ एवं सोनपुर की सीमा रेखा से होकर गुजर रही है। अतः जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा की दृष्टि से एवं किसी भी प्रकार के दुर्घटना से बचने के लिए उक्त लाईन से आवश्यक दूरी बनाए रखें।

सही/-
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कुरूद


# के-9 वज्र तोप की खरीद के लिए 7629 करोड़ का समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चुनौतीपूर्ण माहौल में भारतीय सेना की युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को लार्सन एंड टुब्रो (एल-एंड-टी) के साथ 155 मिमी/52 कैलिबर की क्षमता वाली के-9 वज्र-टी स्वचालित ट्रैक्ड आर्टिलरी तोप की खरीद के लिए कुल 7 हजार 628.70 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और लार्सन एंड टुब्रो के प्रतिनिधियों के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।







गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
सत्यमेव जयते

Indian Cyber Crime Coordination Centre
सहवीर्यं करवावहै • Working Together With Vigour

## दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से जॉब ऑफर हो सकता है

## साइबर स्लेवरी का धोखा !

## समझें कैसे होती है साइबर स्लेवरी:

धोखेबाज एजेंट झूठे वादे करते हैं और नौकरी एवं वीजा का लालच देते हैं।

पीड़ितों को दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में तस्करी करके ले जाया जाता है।

पीड़ितों को साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया जाता है, उनको अमानवीय परिस्थितियों में रख कर उनके साथ अत्याचार किया जाता है।

ध्यान रहें: जॉब ऑफर को ध्यान से जांचें। केवल सरकार द्वारा अधिकृत एजेंटों पर भरोसा करें।

रुको | सोचो | एक्शन लो

ऐसे ग्रुप्स या ईमेल की www.cybercrime.gov.in या 1930 पर कॉल करके रिपोर्ट करें।

अधिक जानकारी के लिए CyberDost को फॉलो करें।

CBC 19101/13/0028/2425

# भारत में बढ़ रही अमीरों की संख्या, शेयर बाजार व रियल एस्टेट से पैसा कमा रहे

एजेंसी ›› नई दिल्ली

भारत में हाई नेट वर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म एनारॉक के अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि देश में हाई नेट वर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या फिलहाल 850,000 है। साल 2027 तक इनकी संख्या दोगुनी बढ़कर 1.65 मिलियन तक होने की संभावना है।

■ हाई नेट वर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 8,50,000 है

हाई नेट वर्थ वाला व्यक्ति उन्हें कहा जाता है, जिनके पास फाइनेंशियल एसेट या संपत्ति की मात्रा अधिक होती है। साल 2024 में कम से कम 1 मिलियन डॉलर तक निवेश योग्य संपत्ति वाले या हाई नेट वर्थ लोग और 30 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ व्यक्तियों की संख्या में इजाफा होना यह दर्शाता है कि भारत धन सृजन के एक परिवर्तनशील दौर से गुजर रहा है।

## रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म एनारॉक ने किया खुलासा

### 30 साल से कम के युवा अधिक

हैरान करने वाली बात तो ये है कि देश में 15 फीसदी से अधिक हाई नेट वर्थ वाले व्यक्ति 30 साल से कम उम्र के हैं और इनकी आय का मुख्य स्त्रोत आमतौर पर आईपीओ में निवेश, स्टार्टअप यूनिकॉर्न कंपनी या टेक्नोलॉजी बेस्ड स्टार्टअप है। इसमें सरकार के 'मेक-इन-इंडिया' अभियान का भी 21 फीसदी तक योगदान है। रियल एस्टेट का 15 फीसदी योगदान है। इसके अलावा, भारतीय निवेशक शेयर बाजार में इक्विटी से भी पैसा कमा रहे हैं।



### भारत दे रहा चीन और जापान को टक्कर

जबकि इनमें से 20 फीसदी करोड़पति 40 साल से कम आयु के हैं। एनारॉक ने कहा कि 2030 तक यह संख्या बढ़कर 25 प्रतिशत होने की उम्मीद है क्योंकि आज के युवा अलग-अलग तरह के स्टार्टअप पर निवेश कर अपनी आय के स्त्रोत को बढ़ा रहे हैं। भारत अल्ट्रा हाई नेट वर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या के मामले में दुनिया में छठे स्थान और एशिया में तीसरे स्थान पर है।

### हाई नेट वर्थ वाले 13,600 तक पहुंचे

इस लिस्ट में चीन और जापान भारत से आगे है। देश में अल्ट्रा हाई नेट वर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 2024 में 13,600 तक पहुंच गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2028 तक इसमें 50 फीसदी तक इजाफा होने अनुमान है, जो सालाना 30 फीसदी से कहीं अधिक वृद्धि को दर्शाता है। भारत में 850,000 से अधिक हाई नेट वर्थ वाले व्यक्ति हैं।

## खबर संक्षेप

### होंडा कीमतों में करेगी दो प्रतिशत की वृद्धि

HONDA

**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया ने अगले साल जनवरी से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी घरेलू बाजार में अमेज, सिटी और एलिवेट जैसे मॉडल बेचती है। वाहन विनिर्माता कंपनी जनवरी 2025 की शुरुआत से अपने मॉडलों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी।

### स्पाइसजेट ने स्टैंडर्डएयरो के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने अमेरिका स्थित स्टैंडर्डएयरो के साथ समझौता करने की शुक्रवार को घोषणा की। स्टैंडर्डएयरो समझौते के तहत स्पाइसजेट के खड़े बोइंग 737 मैक्स विमानों को परिचालन में लाने के लिए सेवाएं प्रदान करेगा। इनमें से तीन विमानों के अप्रैल 2025 तक परिचालन में आने की उम्मीद है।

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.03 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को समर्थन के बीच रुपया शुक्रवार को 10 पैसे मजबूत होकर 85.03 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की उच्च मांग के कारण रुपये में कमजोरी बने रहने की आशंका है।

### रूस के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर 21% पर स्थिर रखी



**मॉस्को।** रूस के केंद्रीय बैंक ने अपनी प्रमुख ब्याज दर को 21 प्रतिशत पर स्थिर रखा और इसमें आगे वृद्धि नहीं करने का फैसला किया है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण सरकार का खर्च बढ़ने से उत्पन्न हुई मुद्रास्फीति को कम करने के लिए रूस काफी मशक्कत कर रहा है। केंद्रीय बैंक ने यह फैसला कारोबारी दिग्गजों की आलोचना को दरकिनार कर किया।

### सिप्ला पर जीएसटी विभाग ने लगाया 1 करोड़ का जुर्माना




**नई दिल्ली।** प्रमुख फार्मा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी प्राधिकरण ने कथित अस्वीकार्य क्रेडिट दावे के लिए कंपनी पर एक करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। कंपनी को जीएसटी प्राधिकरण द्वारा पारित 18 दिसंबर, 2024 का एक आदेश प्राप्त हुआ है, 2017 के लागू प्रावधानों के तहत 1,11,94,324 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### रेस्टोरेंट ब्रांड्स को 500 करोड़ जुटाने की मंजूरी

Restaurant BRANDS

**नई दिल्ली।** रेस्टोरेंट ब्रांड्स एशिया लिमिटेड (पूर्व में बर्गर किंग इंडिया) को उसके निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। रेस्टोरेंट ब्रांड्स एशिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 20 दिसंबर, 2024 को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लिए पात्र संस्थागत नियोजन के जरिये शेयर या किसी अन्य पात्र प्रतिभूतियों आदि जारी कर धन जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

## बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट

# निवेशक हुए लहूलुहान, पांच दिन में डूबे 18.43 लाख करोड़

- वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख रहा
- सेंसेक्स 1,176 अंक व निफ्टी 364 अंक टूटा
- फेड के आक्रमक रूख के कारण धारणा हुई कमजोर

एजेंसी ›› मुंबई

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा और इस दौरान निवेशकों के 18.43 लाख करोड़ रुपए डूब गए। भारी बिकवाली के असर में दोनों मानक सूचकांक करीब 1.5 प्रतिशत तक टूट गए।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की चाह के चलते कारोबारी धारणा कमजोर बनी हुई है। चौतरफा बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,176.46 अंक गिरकर 78,041.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,343.46 अंक फिसलकर 77,874.59 पर आ गया था।

### बाजार का पूंजीकरण घटा

बाजार में गिरावट के इन पांच दिनों में निवेशकों को 18.43 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आज के कारोबार में निवेशकों के 8.50 लाख से अधिक की राशि डूबी। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 18,43,121.27 करोड़ रुपये घटकर 4,40,99,217.32 करोड़ रुपये रह गया।

### एशियाई व यूरोपीय बाजार रहे प्रभावित

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हेंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए था।



### फेड की दर कटौती का प्रभाव

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के उम्मीद से कम दर कटौती ने वैश्विक बाजार की धारणा को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते घरेलू बाजार खासतौर से प्रभावित हो रहे हैं, जो पहले ही उच्च मूल्यांकन और कम आय वृद्धि से जूझ रहे थे।



### इन शेयरों में रहा लाभ-नुकसान

सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### पांच दिनों में सेंसेक्स 4091 अंक टूटा

इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 364.20 अंक गिरकर 23,587.50 पर बंद हुआ।बीएसई पर सूचीबद्ध 2,950 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,045 शेयर तेजी के साथ बंद हुए और 90 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।पिछले पांच दिनों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक यानी 4.98 प्रतिशत और निफ्टी 1,180.8 अंक या 4.76 प्रतिशत टूट गया है।


## राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़
चतुर्थ तल, डी-ब्लॉक, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रं./9/सूडा/ वा.शा./2024-25/6202 नवा रायपुर अटल नगर दि. 19/12/2024

राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा कार्यालय हेतु आवश्यकतानुसार एक स्वीफ्ट डिजायर समतुल्य एवं एक इनोवा क्रिस्टा समतुल्य वाहन को दैनिक एवं मासिक आधार पर किराए पर लिया जाना प्रस्तावित है। तदानुसार निविदा के माध्यम से किराए पर वाहन लिये जाने सक्षम एजेंसियों / व्यक्तियों से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित है । निविदा की तिथियां, निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत नियम शर्तें कार्यालय की वाहन शाखा से प्राप्त की जा सकती है निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 08.01.2025 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक निर्धारित है। प्राप्त प्रस्ताव को दिनांक 08.01.2025 समय अपरान्ह 04:00 बजे खोली जावेगी ।

उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर

S-42499/2


# मारुति 'ईविटारा' के साथ व्यापक चार्जिंग अवसंरचना करेगी पेश



■ कंपनी की योजना अगले माह ग्लोबल एक्सपो में करेगी पेश

एजेंसी ›› नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में अपनी पहली पेशकश 'ईविटारा' के साथ ही चार्जिंग स्टेशन और होम चार्जिंग समाधानों के साथ एक व्यापक ईवी अवसंरचना लेकर आएगी।

कंपनी की योजना अगले महीने होने वाले 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' में विनिर्माण के लिए तैयार ईविटारा को प्रदर्शित करने की है। ईविटारा दुनिया के लिए भारत में निर्मित एक वैश्विक मॉडल है जिसका हाल ही में इटली के मिलान में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने अनावरण किया था। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने एक बयान में कहा, ''दशकों की वाहन विनिर्माण विशेषज्ञता के साथ हमने उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक को ग्राहकों के हित के साथ जोड़ा है, ताकि वास्तव में कुछ परिवर्तनकारी पेशकश की जा सके। बनर्जी ने कहा कि कंपनी का हमेशा से मानना रहा है कि ईवी को बढ़ावा देने के लिए एक समग्र परिवेश बनाने की जरूरत है। बनर्जी ने कहा, ''ईवी को अपनाने में एक महत्वपूर्ण बाधा सुविधाजनक चार्जिंग की कमी है।

### तेज चार्जिंग का व्यापक नेटवर्क होगा तैयार

बनर्जी ने कहा कि इसमें होम चार्जिंग समाधान के साथ ही मारुति सुजुकी डीलरशिप और सर्विस सेंटर पर उपलब्ध तेज चार्जिंग की सुविधा का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क शामिल होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य ईवी को ग्राहकों के लिए सुलभ, सुविधाजनक और आकर्षक बनाना है।

# जीएसटी परिषद बीमा 'प्रीमियम' पर कर में कटौती कई वस्तुओं पर दर में बदलाव का करेगी फैसला

एजेंसी ›› जैसलमेर (राजस्थान)

जीएसटी परिषद शनिवार को अपनी बैठक में जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने तथा अहितकर वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर लगाने पर विचार कर सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में करीब 148 वस्तुओं में दर फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा, विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### पुरानी गाड़ियों पर दर बढ़ाने का प्रस्ताव

स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण मंचों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर पांच प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है। सूत्रों के अनुसार, फिटमेंट कमेटी (जिसमें केंद्र और राज्यों के कर अधिकारी शामिल हैं) ने इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ छोटे पेट्रोल तथा डीजल वाहनों की बिक्री पर मौजूदा 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की दर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।


## न्यायालय कलेक्टर, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

**// ईश्तहार//**

**विविध दाण्डिक प्र.क्र. 13/ब-121 / वर्ष 2023-24**

**छ.ग. शासन,**
**द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला-दुर्ग (छ.ग.)** ............वादी
**प्रेषिति**
**दिनेश बालक दास गोखे आ बालकदास गोखे**
**निवासी गुलशन नगर वाजरी ले आउट हनुमान मंदिर के पास, वार्ड नं.- 36. थाना- यशोदरा नगर नागपुर (महाराष्ट्र)** ............अनावेदक

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदनानुसार अनुसार चौकी लिटिया सेमरिया थाना बोरी के अपराध क्रमांक 37/2023 धारा 429 भादवि छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 2 (च). 4,6,10,11 पशु क्रूरता अधिनियम, 1960 की धारा 11. छ.ग. पशु परिवहन अधिनियम, 1978 की धारा 4 (ए.बी.सी.). 48 49 50, 52 एवं 54 (1.2.3) के अंतर्गत प्रार्थी चितराम पटेल आ. रेवाराम पटेल लिखित आवेदन प्रस्तुत किया कि बडे बिरेझर एवं छोटे बिरेझर के बीच रोड में एक टाटा कंपनी का ट्रक बारह चक्का वाला जिसका क्रमांक C.G.-04- JB 3850 वाले गाडी में विभिन्न रंग के कृषक पशुओं (बछडो) को चालक द्वारा क्रुरता पूर्वक भूखा प्यासा ठूस-ठूस कर भरकर बिना किसी वैधानिक कागजात अथवा मेडिकल सर्टीफिकेट के कुल 38 नग बछड़ों को गो तस्करी करते हुए कत्लखाना में ले जा रहा था जिसमें 02 नग बछडो की मृत्यु हो चुकी है। जिसे गांव वाले को सूचना देकर ट्रक चालक के विरूद्ध पुलिस चौकी में आवेदन देकर चालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने आवेदन प्रेषित किया गया है।

उक्त संबंध में घटना स्थल निरीक्षण पर अपराध धारा सदर पाये जाने से अपराध क्रमांक 37/2023 पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से मामला अजमानतीय होने से आरोपी को दिनॉक 06.09.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिचितो की दी गई। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं जप्तशुदा वाहन को चौकी लिटिया सेमरिया में जप्ती में रखा गया है। उक्त जप्तशुदा पिकअप वाहन C.G.-04- JB- 3850 को राजसात किये जाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत की अवधारणा के तहत आरोपी को इस न्यायालय द्वारा कारण बताओ सूचना जारी किया गया था। किन्तु अनावेदकगण अनुपस्थित रहे। चूंकि आरोपी को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है ।

अतएव इस समन के जरिये आरोपी को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 26/12/2024 को कलेक्टर दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यत उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

संयुक्त कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर, दुर्ग

G-242504738/2

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
संभाग - 01 रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9424209026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र.- 331**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-01 कबीर नगर, रायपुर के अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर -01 रायपुर में 03 सीनि. एच.आई.जी. डूप्लेक्स एवं 06 सीनि. एम.आई.जी. डूप्लेक्स स्वतंत्र भवनों के निर्माण एवं विकास कार्य हेतु द्वितीय बार ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय संभाग- 01 कबीर नगर, रायपुर में संपर्क करें।

S-42510/2 कार्यपालन अभियंता

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, महानदी मंडल, रायपुर (छ.ग.)

**ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(तृतीय आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. **162973** / निविदा सूचना क्र. 02 / वलेलि / 2024-25,
दिनांक 19.12.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **06.01.2025 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम - रायपुर जिले के विकासखंड - आरंग के राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना के (प्रथम चरण) शीर्ष कार्य के अंतर्गत वियर का सुरक्षा कार्य (एपोक्सी उपचार कार्य) ।**

**अनुमानित लागत - रु. 180.83 लाख**
**(एस.ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक ))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **26.12.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग, रायपुर
कृते अधीक्षण अभियंता महानदी मंडल, रायपुर

G-242504739/3

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 12.12.2024

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 01.01.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 153/दुर्ग (राज.)/2024 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के विभिन्न सड़को पर परफॉरमेंस गांरटी के तहत बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 80.00 |
| 154/दुर्ग (खैरागढ)/2024 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. योजनांतर्गत खैरागढ संभाग के अतरिया से दनिया मार्ग लं. 10.00 कि.मी में रोड फर्नीचर कार्य | 41.68 |
| 155/दुर्ग (खैरागढ)/2024 | खैरागढ़ संभाग के राजनांदगांव कवर्धा पोंडी (राज्य मार्ग) के कि.मी. 46/6 से 62 तक कुल लं. 16.60 कि.मी में रोड फर्नीचर कार्य | 42.33 |
| 156/ दुर्ग (राज.)/2024 | शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में ऑडिटोरियम का उन्नयन एवं बालिका फिटनेस सेंटर का निर्माण कार्य | 33.69 |
| 157/दुर्ग (राज.)/2024 | शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में बालिका शौचालय का निर्माण कार्य | 28.48 |
| 158/दुर्ग (दुर्ग)/2024 | जिला दुर्ग में स्थित शास. भवन (मद्यभण्डार) आबकारी नियंत्रण कक्ष हेतु नवीन कार्यालय का निर्माण कार्य | 145.76 |

**टीप- 1.** उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। **2.** पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876

G-242504729/3




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457. फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com